# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 177 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 26 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

2400 मेगावाट तक पहुंच रही नोएडा की पावर





P- 4

पिज्जा-हब में गर्लफ्रेंड की हत्या की, 2 दिन बाद सुसाइड





P- 5

इब्राहिम रईसी के मरते ही शुरू हो गया बवाल, आपस में ही भिड़ गए





P- 6

जहां इंडिया गठबंधन की मजबूत पकड़, वहां धीमा मतदान कराए




## हैप्पी मॉर्निंग

महिला कैशियर- मुझे कुछ दिन की छुटटी चाहिए, क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरी सुन्दरता कुछ कम हो गई है।

बैंक मैनेजर- क्या मतलब ?


महिला कैशियर- पुरुषों ने पैसे गिनकर लेने शुरू कर दिया है।



## शायरी

पानी की तरह बहती है दौलत चुनाव में
यक-जेहती का तो नाम नहीं रख-रखाव में

## अर्थसार



संसेक्स:
75,410.39
-7.65 (0.010%)
निफ्टी:
22,957.10
-10.55

## मौसम



अधिकतम : 46 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से
सूयोदय सोमवार : 5 : 34
सूर्यास्त रविवार : 7 : 18

# बारूद फैक्ट्री में धमाका, 10 से 12 लोगों के मारे जाने की खबर



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक बारूद फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ है। इस घटना में 10 से 12 लोगों के मारे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में कई लोग घायल भी हुए हैं जो मालवे में दबे हो सकते हैं। बारूद फैक्ट्री में धमाके किया घटना जिले के बेरला ब्लॉक के बोरसी की बताई जा रही है। झठ्ठजानकारी के मुताबिक जिस वक्त धमाका हुआ वहां आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा थी। घटना में कई घायलों को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर किया गया है। इसके अलावा आसपास के अस्पताल में भी कई लोगों को भर्ती कराया गया है।

### मौके पर पहुंची जिला प्रशासन की टीम, बचाव कार्य जारी

बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं जिला प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ब्लास्ट कैसे हुआ अभी इसके कारणें का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि धमाका इतना जोरदार हुआ कि सैकड़ो फीट ऊपर बिजली के तार इससे प्रभावित हो गए हैं।

# 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग खत्म

## बंगाल में भाजपा कैंडिडेट पर हमला, पार्टी ने टीएमसी पर आरोप लगाया; 6 बजे तक 58.82 प्रतिशत मतदान



एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई।

चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम 6 बजे तक 58.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 78.19 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 51.41 प्रतिशत मतदान हुआ। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी।

पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू पर हमला हुआ। पत्थर लगने से दो सीआईएसएफ के जवान घायल हो गए। मतदाताओं को धमकाए जाने की शिकायत मिलने के बाद टुडू गरबेटा में एक बूथ का दौरा कर रहे थे। प्रणंत टुडू की कार में भी तोड़फोड़ की गई है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले का आरोप लगाया है।

चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडिडेट के एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ भाजपा एजेंट्स के साइन हैं।

पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से पीडीपी की प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है।

2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जदयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी और आजसू ने 1-1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और आप को एक भी सीट नहीं मिली थी।

### बंगाल में भाजपा प्रत्याशी पर भीड़ ने पथराव किया

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू ने कहा कि टीएमसी के गुंडों ने अचानक उनकी कार पर ईंटें फेंकना शुरू कर दिया। सड़क ब्लॉक कर दी। जब उनके सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की, तो वे घायल हो गए। उनके साथ आए सीआईएसएफ के दो जवानों को सिर में चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।०

# राजकोट के गेम जोन में आग, 27 की मौत

## मरने वालों में 12 बच्चे; चश्मदीद बोला- कचरे से आग भड़की, 30 सेकेंड में फैल गई





**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर के कालावड रोड पर स्थित टीआरपी गेम जोन में शनिवार शाम 4.30 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 12 बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई। अब तक 25 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों के शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। अभी प्रशासन यह नहीं बता पाया है कि आग लगने के वक्त गेम जोन में कितने लोग मौजूद थे। आग पर 3 घंटे में काबू पाया गया।

### चश्मदीद ने कहा- आग 30 सेकेंड में ही फैल गई

मौके पर मौजूद यश पटोलिया ने कहा, हम लोग रेस्टोरेंट में बैठे थे। तभी वहां आग लग गई। आग 30 सेकेंड में ही पूरे एरिया में फैल गई थी। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि गेम जोन में कई जगह रिपेयरिंग और रेनोवेशन का काम भी चल रहा था।

काफी संख्या में प्लाई के टुकड़े और लकड़ियां भी इधर-उधर फैली हुई थीं। यह भी आग की चपेट में आए और आग फैलती चली गई। हालांकि यह पता नहीं चला है कि आग किस वजह से लगी।

### प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए

प्रशासन ने शनिवार की देर रात मदद और पूछताछ के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए। +917698983267 (जणकट, पीआई) +919978913796 (वीजी पटेल, एसीपी)

### गेमजोन की ओनरशिप चार लोगों के पास

गेमजोन की ओनरशिप युवराज सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंह सोलंकी, प्रकाश जैन और राहुल राठौड़ के पास है।

### राज्य के सभी गेमजोन बंद करने का आदेश

गुजरात सरकार ने राज्य के उन सभी गेमजोन को बंद करने का निर्देश दिया है, जिनके पास फायर एनओसी नहीं है।

### गेम जोन का मालिक युवराज सिंह फरार

टीआरपी गेम जोन का स्वामित्व युवराज सिंह सोलंकी और मनविजय सिंह सोलंकी के पास है। आग लगने की घटना के बाद युवराज सिंह सोलंकी फरार हो गया है। युवराज ने ही गेम जोन का प्रबंधन प्रकाश जैन और राहुल राठौड़ को सौंपा था।

### बस्तर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान को लगातार सफलता मिल रही है और शनिवार को फिर पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गयी हैं। अभी भी मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका और कमकानार जंगलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, मुठभेड़ जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, माओवादियों की सप्लाई टीम इंजार्च, भैरमगढ़ एसीएम सहित 20 से 25 माओवादियों के जमावड़ा की सूचना पर डीआरजी की टीम उनकी तलाश में निकली थी।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 189 नक्सली गिरफ्तार, 109 नक्सलियों का आत्मसमर्पण



रायपुर। माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। इस वर्ष अब तक 189 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं जबकि 109 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। बीजापुर जिले में 33 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर श्री साय ने लिखा है कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर और छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर जिले के 33 माओवादियों का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया जाना अत्यंत ही सुखद है। इनमें से तीन माओवादी 5-5 लाख के ईनामी हैं।

# ईसी बोला-वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं करेंगे

## कोई भी ये डेटा बदल नहीं सकता, कुछ लोग गलत नैरेटिव फैला रहे





नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार 25 मई को कहा कि वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं की जाएगी। चुनाव में कितने वोट पड़े, कोई भी इस डेटा को बदल नहीं सकता। कुछ लोग चुनाव प्रक्रिया को खराब बताने के लिए गलत नैरेटिव फैला रहे हैं। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें फॉर्म 17 सी डेटा और बूथ-वाइज वोटर टर्नआउट पब्लिश करने को लेकर कोई भी निर्देश देने से इनकार किया था।

### चुनाव आयोग की 3 खास बातें

चुनाव आयोग खुद संसदीय क्षेत्र के हिसाब से मतदाताओं की संख्या जारी करता है। यह सब पब्लिक डोमेन (सार्वजनिक रूप से) में होता है।

फॉर्म 17 सी के जरिए सभी उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के साथ वोटिंग वाले दिन शेयर किए गए वोटिंग डेटा को कोई भी बदल नहीं सकता। सभी 543 सीटों पर खड़े हुए सभी उम्मीदवारों के ऑथराइज्ड एजेंटों के पास फॉर्म 17 सी होता है।

प्रेस नोट जारी कर वोटर टर्नआउट के बारे में बताना लोगों के लिए एक और सुविधा है। 5 चरणों में चुनाव आयोग 13 प्रेस नोट जारी कर चुका है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार बोले- लोगों को कैसे गुमराह किया जाता है, ये दिखाएंगे

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिल्ली में एक पोलिंग बूथ पर वोट डाला। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर बात की, जिसमें चुनाव आयोग के फॉर्म 17सी डेटा और बूथ-वाइज वोटर टर्नआउट पब्लिश करने को लेकर कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि संदेह का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। हम एक दिन निश्चित रूप से सभी के साथ इस पर चर्चा करेंगे।

राजीव बोले कि यहां क्या खेल है, संदेह क्यों पैदा किए जाते हैं। हम एक दिन यह सामने लाएंगे और सभी को दिखाएंगे कि लोगों को कैसे गुमराह किया जाता है। लोगों के मन में कैसे संदेह पैदा होता है।

### जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे विधानसभा चुनाव

राजीव कुमार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे। राजीव बोले- लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में हुई वोटिंग से चुनाव आयोग उत्साहित है, इसलिए वहां बहुत जल्द विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी सरकार डिजर्व करते हैं। यह सुनना बहुत सुकून भरा है कि लोग बड़ी संख्या में मतदान करने आ रहे हैं। लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो रही हैं।

# त्रिपुरा में रेमल चक्रवात को लेकर ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ने भारतीय मौसम विभाग की अगले 48 घंटों में भारी से बहुत भारी बारिश, तेज हवाओं और तूफान की चेतावनी के बाद सभी आठ जिलों में अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न होने वाले दबाव के शनिवार को चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। अतिरिक्त सचिव (राजस्व) तमल मजूमदार ने कहा,

चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण 25 मई से 28 मई तक त्रिपुरा में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 26 मई को दक्षिण त्रिपुरा, गोमती, धलाई, सिपाहीजला और पश्चिम त्रिपुरा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। एहतियाती उपाय के रूप में इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि 7 मई को बिजली-आंधी, 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाएं और भारी बारिश से दक्षिण त्रिपुरा, गोमती, धलाई, सेपाहिजाला और पश्चिम त्रिपुरा जिले प्रभावित होने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि 28 मई को उत्तरी त्रिपुरा, उनाकोटि और धलाई जिलों में बिजली, तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आंधी आने की संभावना है। सभी जिलाधिकारियों को किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

दुष्कर्म

## लेडी टीचर के नाम से करते थे फोन, हाथों पर जलने के निशान से पकड़ाया आरोपी

# एप से आवाज बदलकर बुलाया, 7 आदिवासी छात्राओं से रेप किया



सीधी। सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र में आवाज बदलने वाले मैजिक वॉइस एप के जरिए तीन आरोपियों ने 7 से अधिक कॉलेज छात्राओं को झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी एप से कॉलेज टीचर बनकर महिला की आवाज में बात करते और स्कॉलरशिप के लिए दस्तावेज मंगवाने के नाम पर सुनसान जगह बुलाते थे। शक न हो, इसके लिए उन्हें पहले ही बता देते कि उन्हें तय स्थान पर लेने के लिए एक लड़का बाइक से आएगा जो उन्हें टीचर के पास पहुंचा देगा।

मामले की सभी पीड़िताएं एसटी वर्ग की हैं। आरोपी उन कॉलेज छात्राओं को निशाना बनाते थे, जहां स्कॉलरशिप मिलती है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐसा निंदनीय कार्य करने वाले समाज के दुश्मन हैं। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच के लिए 9 सदस्यीय एसआईटी टीम का भी गठन किया गया है। वहीं कांग्रेस ने इस मामले में सरकार को घेरा है।

### एक पीड़ित की शिकायत पर जांच हुई तो हुआ खुलासा


एक पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की तो जांच में खुलासा हुआ। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में दो और लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली। पुलिस अफसरों के मुताबिक अभी तक आरोपियों ने 7 छात्राओं से दुष्कर्म की बात कबूली है। 4 छात्राओं ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िताओं की संख्या और भी अधिक हो सकती है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

पुलिस ने मुख्य आरोपी ब्रजेश प्रजापति (30) और उसके साथी राहुल प्रजापति और संदीप प्रजापति को पकड़ा है। ब्रजेश प्रजापति ने दो शादियां की हैं। पहली पत्नी को उसने छोड़ दिया। दूसरी पत्नी से एक बच्ची है। आरोपी पेशे से मजदूर है, पर उसने यूट्यूब पर इस तरह के आवाज बदलने वाले एप की जानकारी ली और इसे अपने मोबाइल पर इंस्टॉल किया। इसके बाद से छात्राओं को निशाना बनाना शुरू किया। दुष्कर्म की शिकात करने वाली चार छात्राओं में से एक ने पुलिस को बताया कि दुष्कर्म करने वाले अपने चेहरे को कपड़े से ढके रहते थे। लेकिन जो पहली बार दुष्कर्म करता उसके दोनों हाथों में जलने के निशान है। पीड़ित ने पुलिस को जो बताया उसके अनुसार, फिर लोकेशन और अन्य साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके साथियों को गिरफ्तार किया।

### रंजना मैडम के नाम से कॉल.. कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप से मिले नंबर

आरोपी ब्रजेश और उसके दोस्तों ने सीधी जिले के एक सरकारी कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप से छात्राओं के फोन नंबर निकाले थे। इन पर रंजना मैडम बनकर कई बार कॉल कर उन्हें विश्वास में लेते थे। आरोपियों ने बताया कि ये सब तीन महीने से कर रहे थे। हालांकि, पुलिस को इस पर विश्वास नहीं है। आईजी रीवा रेंज महेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि अभी तक आरोपियों ने सात छात्राओं से रेप की बात कबूली है, लेकिन ये संख्या बढ़ भी सकती है। इसकी जांच की जा रही है।

## संपादकीय



# वर्तमान सरकार के खिलाफ़

### राहत इंदौरी साहब के शब्दों से शुरुआत करता हूँ

**वो झूठ बोल रहा था बड़े सलीक़े से,**
**मैं ए तिबार न करता तो और क्या करता।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

वर्तमान सरकार के खिलाफ़ आवाज़ उठाना आवश्यक है क्योंकि लोकतंत्र का सच्चा रूप तभी सामने आता है जब सत्ता में बैठे लोग जनता के प्रति उत्तरदायी हों। वर्तमान समय में कई ऐसे मुद्दे हैं जो सरकार की नीतियों और उनके क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

### आर्थिक नीतियों की विफलता

वर्तमान सरकार की आर्थिक नीतियाँ वादों और दावों पर आधारित हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका प्रभाव न के बराबर है। जीएसटी और नोटबंदी जैसे फैसलों ने छोटे और मध्यम व्यवसायों को भारी नुकसान पहुँचाया है। बेरोजगारी दर उच्चतम स्तर पर है, और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

### कृषि संकट

किसानों की आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए घोषित योजनाएँ केवल कागजों पर ही रह जाती हैं। किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, और वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं।

### लोकतांत्रिक संस्थाओं का ह्रास

लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। न्यायपालिका, चुनाव आयोग, और मीडिया जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों पर सरकार का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

### सामाजिक असमानता और ध्रुवीकरण

सरकार की नीतियों ने सामाजिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया है। धार्मिक और सांप्रदायिक तनाव बढ़ता जा रहा है, जिससे सामाजिक सद्भाव और एकता पर खतरा मंडरा रहा है। सरकार के विकास के वादों के बावजूद, समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा का संकट

स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भी सरकार की नीतियाँ असफल रही हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की खामियाँ स्पष्ट रूप से सामने आईं। शिक्षा के क्षेत्र में भी सुधार की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

### निष्कर्ष

वर्तमान सरकार को आत्ममंथन करने और अपनी नीतियों की समीक्षा करने की आवश्यकता है। देश की जनता को उनकी समस्याओं का समाधान चाहिए, न कि केवल वादे और बयानबाजी। लोकतंत्र की असली शक्ति जनता के हाथों में होती है, और जनता का विश्वास जीतने के लिए सरकार को अपनी नीतियों और क्रियान्वयन में पारदर्शिता और ईमानदारी दिखानी होगी।

गुलज़ार साहब के शब्दों के साथ अपनी बात ख़त्म करता हूँ
आइना झूठ बोले तो सच बोलने का क्या फायदा,
खुदा भी जब झूठ बोलता हो, इंसान की क्या औकात।

# एलपीजी मॉडल और कांग्रेस का वो ऐतिहासिक घोषणापत्र, जिसे 2024 के मेनिफेस्टो में पार्टी ने किया संदर्भित

**अभिनय आकाश**

पार्टी के 2024 के घोषणापत्र में 1991 के उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) सुधारों का उल्लेख किया है। इसके जरिए पार्टी ने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का श्रेय दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह को सुधार लाने का श्रेय दिया जाता है, इसकी नींव 1991 में पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी द्वारा कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र जारी करने के साथ रखी गई थी।

वादे हैं वादों का क्या? चुनाव में वादों के पिटारे के रूप में घोषणापत्र जारी किये जाते हैं। नेता चाहे जिस पार्टी के हों वे चुनाव से पहले बहुत सारे वादे करते हैं। 2004 में जीत का ताज पहनने के बाद 2009, 2014, 2019 में कांग्रेस का घोषणापत्र एक अलग रूप में था, जो 2024 आते-आते बिल्कुल ही बदल गया। वैसे तो कांग्रेस के घोषणा पत्र में अपनी ही पीठ थपथपाने और तारीफों के पुल बांधते की आदत पुरानी रही है। लेकिव वह कांग्रेस वादे पूरे करने का वादा कर रही है। 5 अप्रैल को 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी होने के बाद से यह चर्चा का विषय बना हुआ है। राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना और नौकरियों की गारंटी सहित वादों के अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था पर पार्टी का स्टैंड विमर्श का केंद्र बना है। पार्टी के 2024 के घोषणापत्र में 1991 के उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) सुधारों का उल्लेख किया है। इसके जरिए पार्टी ने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का श्रेय दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह को सुधार लाने का श्रेय दिया जाता है, इसकी नींव 1991 में पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी द्वारा कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र जारी करने के साथ रखी गई थी। राजीव गांधी संभवतः 1991 में केंद्र की सत्ता में वापस आने वाले थे, लेकिन 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (ख्रङ्गञ्श्व) के आतंकवादियों द्वारा किए गए आत्मघाती बम हमले में उनकी हत्या हो गई। उनकी हत्या से एक महीने पहले उन्होंने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें लाइसेंस राज के चंगुल से अर्थव्यवस्था को उदार बनाने के लिए आमूल-चूल परिवर्तन लाने का वादा किया गया था।



### भारत में लाइसेंस राज

लाइसेंस राज, जिसे परमिट राज के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के सख्त सरकारी नियंत्रण और विनियमन की एक प्रणाली जो 1950 से 1990 के दशक तक लागू थी। इस प्रणाली के तहत, भारत में व्यवसायों को संचालित करने के लिए सरकार से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक होता था और इन लाइसेंसों को प्राप्त करना अक्सर मुश्किल होता था। लाइसेंस राज शब्द ब्रिटिश राज जैसे शब्द से उब्जा है, जो भारत में ब्रिटिश शासन की अवधि को संदर्भित करता है। इसे स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता चक्रवर्ती राजगोपालाचारी द्वारा गढ़ा गया था। लाइसेंस राज का उद्देश्य भारतीय उद्योग की रक्षा करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय समानता सुनिश्चित करना था। हालाँकि, इसने एक ऐसी प्रणाली का नेतृत्व किया जहां निजी कंपनियों को कुछ उत्पादन करने से पहले 80 सरकारी एजेंसियों को संतुष्ट करना पड़ता था और यदि अनुमति दी जाती है, तो सरकार उत्पादन को नियंत्रित करेगी। आर्थिक विकास को अवरुद्ध करने और भारतीय अर्थव्यवस्था को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने से रोकने के लिए इस प्रणाली की आलोचना की गई थी।

### लाइसेंस राज पर अंकुश लगाने के लिए राजीव गांधी ने क्या कदम उठाए

राजीव गांधी की सरकार ने डिजिटलीकरण, दूरसंचार और सॉफ्टवेयर जैसे उद्योगों के विकास को बढ़ावा देते हुए व्यवसाय निर्माण और आयात नियंत्रण पर प्रतिबंधों में ढील देनी शुरू कर दी। इन प्रयासों के कारण 1970 के दशक में औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 2.9त्न से बढ़कर 5.6त्न हो गई, हालांकि वे लाइसेंस राज के साथ प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहे। स्वतंत्र भारत में पले-बढ़े राजीव गांधी को जल्द ही एक नए भारत की आकांक्षाओं का एहसास हुआ। उन्होंने आय और कॉर्पोरेट टैक्स रेट को कम कर दिया और लाइसेंसिंग प्रणाली को सरल बनाने और कंप्यूटर, कपड़ा और दवाओं जैसे क्षेत्रों को विनियमित करने का प्रयास किया। दूरसंचार में राजीव गांधी ने पीएंडटी विभाग को भंग कर दिया और 1985 में दूरसंचार विभाग बनाया। उन्होंने दूरसंचार उपकरणों के निर्माण पर सरकारी एकाधिकार को भी समाप्त कर दिया, और 1980 के दशक के मध्य में निजी क्षेत्र को इसमें अनुमति दी।

### 1991 का कांग्रेस घोषणापत्र

बोफोर्स तोप सौदे में ली गई दलाली को निशाना बनाकर विपक्षी दलों ने 1989 के चुनाव में अपनी तोपों से कई नायाब नारों के गोले कांग्रेस, विशेषकर राजीव गांधी पर छोड़े। मिस्टर क्लीन मिस्टर क्लीन गंदली क्यों है तोप मशीन, राजीव भाई, राजीब भाई तोप दलाली किसने खाई। 1989 में भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों और तुष्टिकरण की राजनीति सहित अन्य कारकों के कारण राजीव गांधी को केंद्र की सत्ता गंवानी पड़ी। हालाँकि, दो साल बाद मतदाताओं को फिर से अपना प्रधानमंत्री चुनने का मौका मिला क्योंकि चन्द्रशेखर के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 16 महीने में गिर गई। प्रधानमंत्री के रूप में एक और कार्यकाल की मांग कर रहे राजीव गांधी ने 15 अप्रैल, 1991 को कांग्रेस का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें उनकी आर्थिक उदारीकरण नीतियों को जारी रखने का वादा किया गया।

### कांग्रेस के घोषणापत्र में उल्लिखित कुछ प्रमुख वादे इस प्रकार थे

- सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क के संबंध में वित्तीय वर्ष के दौरान स्थिर कर दरें बनाए रखना
- राजमार्गों और उपकरण पुलों के निर्माण को निजी और संयुक्त क्षेत्रों के लिए खुला रखना
- विनिर्माण के किसी भी क्षेत्र (रणनीतिक या सैन्य विचारों को छोड़कर) में किसी भी क्षेत्र या किसी व्यक्तिगत उद्यम के एकाधिकार को समाप्त करें और उन्हें प्रतिस्पर्धा के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा।
- कांग्रेस सरकार, पहले 1,000 दिनों में उन क्षेत्रों से सार्वजनिक क्षेत्र की क्रमिक वापसी की निगरानी करेगी जहां निजी और संयुक्त क्षेत्रों ने क्षमताएं विकसित की हैं।
- कांग्रेस जोरदार निर्यात प्रोत्साहन, प्रभावी आयात प्रतिस्थापन, अर्थव्यवस्था में उत्पादकता और दक्षता स्थापित करने और बढ़ाने के द्वारा वर्तमान विदेशी मुद्रा संकट की समस्या से निपटेगी। हालाँकि, इससे पहले कि वह अपनी पार्टी को केंद्र में वापस देख पाते और एक नए आर्थिक युग की शुरुआत कर पाते, राजीव गांधी की लिट्टे आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई। उनकी मृत्यु से कांग्रेस को भावनात्मक समर्थन मिला और पार्टी जनता दल के समर्थन से सत्ता में लौट आई। पीवी नरसिम्हा राव गठबंधन सरकार के प्रधान मंत्री बने और मनमोहन सिंह उनके वित्त मंत्री बने।

### एलपीजी सुधारों पर 1991 के कांग्रेस घोषणापत्र की छाप

24 जुलाई 1991 को मनमोहन सिंह ने क्रांतिकारी बजट पेश किया जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। इस बजट ने लाइसेंस राज के अंत को चिह्नित किया और यह ऐसे समय में आया जब भारत को केवल दो सप्ताह के विदेशी भंडार के साथ आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। बजट में स्पष्ट रूप से राजीव गांधी द्वारा जारी किए गए कांग्रेस के घोषणापत्र की छाप थी और अपने भाषण के दौरान, मनमोहन सिंह ने आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री का उल्लेख किया। मनमोहन सिंह ने अपने भाषण में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के प्रयासों की बदौलत हमने एक विविधतापूर्ण औद्योगिक ढांचा विकसित किया है। यह एक बड़ी संपत्ति है क्योंकि हम विभिन्न संरचनात्मक सुधारों को लागू करना शुरू कर रहे हैं।

# साइबर हमलों से बचाव जरूरी

आदिकाल से मनुष्य का स्वभाव रहा है- लड़ना और नये शस्त्रों का आविष्कार करना। नुकीले पत्थरों से जो कहानी शुरू हुई वह आगे बढ़ते-बढ़ते तीर-तलवार और उसके आगे बंदूकों-तोपों तक चली गई। फिर लड़ाकू जहाज और मिसाइलें। बात यहां तक ही नहीं ठहरी। अब यह अदृश्य लड़ाई में तब्दील हो चुकी है जिसमें शत्रु पास होते हुए भी कहीं दिखता नहीं। यह शत्रु देशी या विदेशी कोई भी हो सकता है। वह आप पर या आपके देश पर हमले करता है इंटरनेट या फोन के माध्यम से आपके पैसे चुराने की कोशिश करता है या बेशकीमती सूचनाएं। यही है साइबर हमला और सारी दुनिया के देश इससे परेशान हैं।

लेकिन भारत की बात ही अलग है। पिछले दस वर्षों में देश का डिजिटलीकरण बहुत तेजी से हुआ और यह लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। लेकिन उसके सामने साइबर अपराधी भी चुनौती बनकर खड़े हो गये हैं जिनका लगातार सफाया हो रहा है। देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं से सूचनाएं चुराने की पुरजोर कोशिशें हो रही हैं, उन्हें नष्ट करने की भी साजिश ऑनलाइन हो रही है। लोगों से डरा-धमका कर उनकी गाढ़ी कमाई निकलवाने की कोशिशें हो रही हैं। यह सब दूर-दराज से सिर्फ इंटरनेट, स्मार्टफोन या ऐसे ही माध्यमों से हो रहा है।


साइबर ठगी तो इसका छोटा-सा उदाहरण है। बड़े शातिर साइबर हमलावर तो देश की वित्तीय संस्थाओं और प्रणालियों पर भी हमला करते रहते हैं। जी-20 के दौरान तो भारतीय प्रतिष्ठानों और जी-20 आयोजन संबंधी दफ्तरों पर लाखों हमले हुए। इस दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख साइबर अटैक हुए थे। लेकिन केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी त्वरित व कुशल कार्रवाई के जरिये साइबर अपराधियों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। छोटे स्तर पर तो ये कुछ हद तक कामयाब हो गये लेकिन उन पर शिकंजा कसता जा रहा है।

देश में साइबर हमलों को खत्म करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्रालय की है। प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में एक साइबर तथा इन्फॉरमेशन सिक्योरिटी डिवीजन साइबर सेफ इंडिया के लिए काम कर रहा है। गृह मंत्रालय ने तीन नये कानून भी बनवाये जो साइबर अपराध रोकथाम में सहायक होंगे। इनमें इलेक्ट्रॉनिक एफआईआर की व्यवस्था के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणों को सबूत के तौर पर मानने का प्रावधान भी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अब तक उल्लेखनीय कार्य किया है। विदेशों से हमले करने वाले साइबर अपराधी बेहद चतुर एवं अति आधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस होते हैं। वे हमला करते हैं और हमारे देश के महत्वपूर्ण संस्थानों के वेबसाइटों तथा संचार व्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करते हैं या वहां से सूचनाएं चुराने का प्रयास करते हैं। हमारे कई बड़े संस्थानों पर ऐसे हमले हो चुके हैं लेकिन ज्यादातर निष्फल हुए हैं। ऐसे हमले चीन, पाकिस्तान से तो होते ही हैं, तुर्की और अमेरिका-कनाडा से भी होते हैं। लेकिन हमारी एजेंसियां चाकचौबंद रहती हैं और हमले निष्फल करती जाती हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने पूरे भारत में 1200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है और लगभग 5 लाख शिकायतों का निपटारा किया है। यह केन्द्र विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों में समन्वय स्थापना के अलावा साइबर अपराध से निपटने के लिए देश के भीतर क्षमता निर्माण करने का भी प्रयास कर रहा है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3193




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 3192 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?
प्रेमी : हाँ।
प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।
युवती बोली- तुमने ये क्या किया?
युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।
युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।
युवक- अब ये क्या था?
युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3193



**बायें से दायें:-**

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम ?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका ?-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम ?-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3192



## सूडोकु -3193


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3192 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3193



**बाएँ से दाएँ**

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -3192 का हल



# 2400 मेगावाट तक पहुंच रही नोएडा की पावर सप्लाई डिमांड

## घरों में 2 लाख एसी, 25 हजार इंडस्ट्री, 5 हजार कॉमर्शियल संस्थान में खपत

नोएडा। नो पावर कट जोन गौतमबुद्ध नगर में इन दिनों बिजली कटौती से लोग परेशान है। गौतमबुद्ध नगर में बिजली की डिमांड 2400 मेगावॉट के आसपास आ रही है। ये डिमांड प्रदेश में सबसे ज्यादा है। शहरी सेक्टरों में 50 प्रतिशत ब्रेकडाउन एलटी एबीसी केबल जलने से हो रहे हैं। इसके साथ ही आईएमडी ने 3 दिन का रेड अलर्ट घोषित कर दिया है।

ग्रामीण क्षेत्र में बिजली लाइनों पर क्षमता से अधिक लोड और ट्रांसफॉर्मर पर असंतुलित लोड की वजह से सप्लाई बाधित हो रही है। यहां के सब स्टेशन ओवर लोड है। जर्जर ट्रांसमिशन के कारण ऐसा हो रहा है। सोसाइटी में मांग के अनुसार लोड कम है। इससे फाल्ट हो रहा है।

नोएडा की बात करे तो यहां प्रॉपर्टी को 7 श्रेणी में बांटा गया है। इंस्टीट्यूशनल, इंडस्ट्री, रेजिडेंसिएशल, ग्रुप हाउसिंग, हाउसिंग, कॉमर्शियल और विलेज। 2019 के अपडेट के बाद इनकी संख्या कुल 87 हजार प्रॉपर्टी है। ये प्राधिकरण में रजिस्टर्ड है। इसके अलावा गांवों व अवैध रूम से बनी इमारत अलग है। इन सभी बिजली की सप्लाई यूपीपीसीएम कर रहा है। ग्रेनो वेस्ट में करीब 400 सोसाइटी है। जिसमें 1.5 लाख से ज्यादा फ्लैट है। जिसमें लोग रह रहे है। यहां एनपीसीएल सप्लाई कर रहा है। दोनों मिलाकर डिमांड 2400 मेगावॉट के आसपास है।



### क्यों बढ़ रही इतनी डिमांड इसे पाइंट में समझे

गौतमबुद्ध नगर का अधिकतम तापमान इन दिनों 45 से 46 डिग्री के आसपास है। गर्मी से बचने के लिए यहां एयर कंडीशन का प्रयोग धडल्ले से किया जा रहा है। एक आकलन के अनुसार एयर कंडीशन कितनी बिजली की खपत करता है, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें एसी यूनिट टाइप, इसकी कैपेसिटी और सेट किया तापमान शामिल है। हालांकि, सामान्य तौर पर, एसी प्रति घंटे 1,000 और 2,500 वाट के बीच बिजली की खपत करता हैं। नोएडा और ग्रेटरनोएडा के फ्लैट में 2 लाख से ज्यादा एसी रोजाना इन घरों में चल रहे है।

नोएडा और ग्रेटरनोएडा में करीब 25 हजार औद्योगिक इकाईयां।

5 हजार के आसपास कॉमर्शियल संस्थान (मॉल, मल्टीप्लेक्स, शो रूम और दुकान)।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलावा ईवी गाड़ियां भी इसके दायरे में है।

### शहर में 50 प्रतिशत और गांव में 30 प्रतिशत तार टूटने और जलने से ब्रेकडाउन

उपभोक्ता परिषद ने बिजली कटौती के कारणों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर पीपीसीएल के चेयरमैन को दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शहर में 33 केबी अंडरग्राउंड केबल फॉल्ट के कारण सबसे ज्यादा 15 अप्रैल से 15 मई के बीच ब्रेकडाउन हुए। ये ब्रेकडाउन एलटी एबीसी केबल के जलने के कारण हुए हैं। इस रिपोर्ट में शहर के ऐसे इलाकों को चिह्नित कर वहां अतिरिक्त एबीसी सर्किट डालने का सुझाव दिया गया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 प्रतिशत ब्रेकडाउन तार टूटने के कारण हो रहे हैं।

### 28 सौ मेगावॉट तक की संभावना

जिले में इस बार बिजली की मांग अधिकतम 28 सौ मेगावॉट तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में यह आंकड़ा 31 हजार के पार रहेगा। ऐसे में विद्युत निगम की तरफ से लगातार ओवर लोड वाले उप केंद्रों से लोड वितरण को लेकर काम किया जा रहा है।

साथ ही अगले कुछ दिनों तक ट्रिपिंग और कटौती की भी समस्या बनी रहेगी।

मौसम में बदलाव से ही लोड पर असर पड़ेगा। पारा बहुत ज्यादा होने से भी सब स्टेशन पर फाल्ट हो रहे हैं।

# नोएडा के 67 तालाबों में 40 पर अतिक्रमण

## भरपाई के लिए 18 हेक्टेयर में प्राधिकरण ने विकसित किए 10 तालाब और 2 वेटलैंड

नोएडा। नोएडा में 67 तालाब है। इनका दायरा करीब 28 हेक्टेयर के आसपास है। इनमें से 40 तालाब अतिक्रमण की श्रेणी में है। इन तालाबों पर मकान बन चुके है। यानी ये पूरी तरह से समाप्त हो चुके है।

प्राधिकरण ने इसकी भरपाई के लिए अलग से 18 हेक्टेयर में 12 तालाब बनाए जिसमें दो वेट लैंड शामिल है। इसके अलावा 4 हेक्टेयर में सेक्टर-167 में तालाब का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमित तालाब की जमीन लाल डोरे में आती है। इस पर अवैध निर्माण हटाने का अधिकार जिला प्रशासन के पास है।

ऐसे में वे तालाब से अतिक्रमण हटाकर दे हब तालाब विकसित कर देंगे। इसको लेकर प्राधिकरण जिला प्रशासन को पत्र लिख चुका है। नोएडा में इस समय सेक्टर-54 और सेक्टर-93 में वेटलैंड बनाए गए है। बता दे गौतमबुद्ध नगर में आगामी 10 साल में ग्राउंड वाटर लेवल की स्थिति खराब हो सकती है। औसतन सालाना डेढ़ से दो मीटर तक वाटर लेवल गिर रहा है। जिससे यहां पीने योग्य पानी नहीं बचेगा। इसलिए अब जनपद में ग्राउंड वाटर बढ़ाने के लिए तालाबों का एक मास्टर प्लान बनाने की तैयारी है। इसके लिए सैटलाइट इमेज का सहारा लिया जा रहा है। वहीं अतिक्रमित तालाब के स्थान पर 1.25 गुना अधिक तालाब तत्काल बनाए जाए।



देखा जाए तो जनपद गौतमबुद्ध नगर में शुरुआती दौर में 1,018 तालाब थे। इसमें 67 तालाब नोएडा प्राधिकरण, 281 ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण क्षेत्र और 277 तालाब यमुना विकास प्राधिकरण और करीब 361 तालाब ग्राम पंचायत क्षेत्र में है। विगत एक साल में तीनों प्राधिकरण क्षेत्र में कई तालाबों का जीर्णोद्धार कराया गया। जिसमें से 217 के करीब तालाबों पर अतिक्रमण था। जिसमें नोएडा में 40 तालाब शामिल है।

# यूपी ट्रेड शो में नई संभावनाएं तलाशने को लखनऊ में मंथन

ग्रेटर नोएडा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के दूसरे संस्करण का आयोजन 25-29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट नॉलेज पार्क में होगा। शुक्रवार को लखनऊ में मनोज कुमार सिंह, आईएएस अवसंरचना ने औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यूपी ट्रेड शो में नई संभावनाएं तलाशने के लिए शुक्रवार को लखनऊ में अधिकारियों ने मंथन किया।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने यूपीआईटीएस की तैयारियों पर बात करते हुए बताया कि बैठक में परिणामोन्मुखी चर्चा हुई। दूसरे ट्रेड शो में यूपी के निर्यात प्रोत्साहन उपायों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

यूपी ट्रेड शो का उद्देश्य उद्योग जगत के नेताओं, व्यवसायों और विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को एक वैश्विक मंच पर एक साथ लाना है। इस मेले में विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, कृषि, कपड़ा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और अन्य सहित विविध प्रकार के उद्योगों को मुख्य रूप से प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद है। यूपीआईटीएस कंपनियों को अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने, संभावित भागीदारों के साथ नेटवर्क बनाने और क्षेत्र में व्यापार के नए अवसरों को खोजने के लिए मंच प्रदान करता है।

# 3 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट

## दोपहर 3 बजे 43 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

नोएडा। नोएडा में गर्मी बढ़ने और लू चलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। दोपहर तीन बजे अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा। मौसम साफ रहेगा वहीं हवा की रफ्तार सात से 8 किमी प्रतिघंटा रही।

जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी की गई है। लोग बहुत ज़रुरी काम हो तभी बाहर निकले। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक सीधी धूप न निकले। ऐसे में हीट स्ट्रोक होने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक 26 से 28 मई तक रेड अलर्ट जारी किया गया है। तीनों दिन भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

ऐसे में लोग सावधानी बरते। रिपोर्ट के मुताबिक तीनों दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक रहेगा। धूप के साथ लू चलेगी।

इससे लोगों को तेज गर्मी का एहसास होगा। इसके बाद तापमान में अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि बादल और बारिश के आसार नहीं है।

आईएमडी के मुताबिक शनिवार को सुबह नौ से 10 बजे के बीच तापमान 34 डिग्री तक रहेगा। इसके बाद तेजी से बढ़ेगा। दोपहर दो से ढाई के बीच तापमान 43 डिग्री तक जाएगा। वहीं शाम चार बजे से तापमान कम होना शुरू होगा।

वहीं भीषण गर्मी के चलते नोएडा में बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। यहां रोजाना करीब 2400 मेगावॉट की डिमांड है। इतनी ही सप्लाई की जा रही है। वहीं फाल्ट होने से कटौती भी की जा रही है।

# नोएडा में थार से स्टंट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## वीडियो वायरल होने पर हुई थी एफआइआर, स्टंट से लड़के-लड़कियों को डराने की कोशिश

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-125 स्थित एक विश्वविद्यालय के सामने सड़क पर थार से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। यातायात पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए थार का 35 हजार रुपए का ई-चालान किया।

इस मामले में ओखला बैराज चौकी प्रभारी ने थार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद आरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उसकी थार को सीज कर दिया गया है।

एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक बजे के करीब सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म पर सात सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक व्यक्ति काली फिल्म लगी थार को बेतरतीब तरीके से चलाते हुए निजी विश्वविद्यालय के सामने दिख रहा है।



थार चालक इस दौरान स्टंट कर वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को डराने की कोशिश करता है। साथ ही इस दौरान तेज आवाज में अपशब्द भी बोले जा रहे हैं।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि थार के सामने से आ रही युवती अगर सही समय पर आगे से नहीं हटती तो उसके साथ हादसा भी हो सकता था। पुलिस ने आरोपी थार चालक प्रिंस मावी पुत्र पीतम्बर निवासी हरी नगर एक्सटेंशन पार्ट-2 जैतपुर को सेक्टर-125 से गिरफ्तार कर लिया है। घटना में महिंद्रा थार कार को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज कर चालान किया गया।

### पहले भी आए हैं ऐसे मामले

12 फरवरी 2024 को 13 सेकेंड के वायरल वीडियो में ब्लैक रंग की गाड़ी से चालक निजी विश्वविद्यालय के पास स्टंट कर रहा है।

13 अप्रैल 2024 को विश्वविद्यालय के पास के वायरल वीडियो में तीन छात्र कार में बैठे एक छात्र को खींचकर नीचे गिराकर पीटते हैं।

31 मार्च 2024 को वीडियो वायरल होने के बाद छात्राओं के सामने कार से स्टंट करने वाले चालक का 15 हजार रुपए का चालान कटा।

# श्री राधा स्काई गार्डन के निवासियों का प्रदर्शन

## बिल्डर के खिलाफ जमकर बोला हल्ला, सोसायटी की कमियों को लेकर किया पैदल मार्च

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में श्री स्काई गार्डन सोसाइटी के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। तीसरे हफ्ते भी चिलचिलाती धूप में बिल्डर के खिलाफ निवासियों ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर पैदल मार्च किया था। सोसाइटी की मूलभूत सुविधाओं को लेकर सभी ने अपनी आवाज बुलंद की।




तीसरे हफ्ते शनिवार को भी श्री राधा स्काई गार्डन के निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ फिर से अपनी मांगों को लेकर जमकर हल्ला बोला और जोरदार प्रदर्शन किया था। चिल चिलती धूप में महिलाओं ने भी इस विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सोसाइटी के अंदर पैदल मार्च किया था।

### इलेक्ट्रिसिटी बैकअप के लिए खुद का जीडी खरीदा जाए

सोसाइटी के निवासी सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि सोसाइटी में समस्याओं का अंबार लगा पड़ा है। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। लगातार पावर कट हो रहा है। जिसके चलते लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसलिए हमारे द्वारा बिल्डर से मांग की गई थी कि हमारी इलेक्ट्रिसिटी बैकअप के लिए खुद का जीडी खरीदा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए की डीजी का लोड पर्याप्त हो। यह डीजी रेंटेड नहीं बल्कि हमारी सोसाइटी का होना चाहिए। इससे हमें पावर कट से भी निजात मिलेगी।

### स्विमिंग पूल चालू करने की मांग कर रहे हैं

वहीं गौरव पटेल ने बताया कि सोसाइटी के बेसमेंट में सीपेज और लीकेज की समस्या का अभी तक कोई भी समाधान नहीं हुआ है। इस समस्या को लेकर सोसाइटी के लोगों में चिंता बनी रहती है लेकिन इस पर बिल्डर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल, जो की मई के अंतिम सप्ताह तक भी नहीं चल पाया, उसे तुरंत चालू किया जाए। इस भीषण गर्मी में लोग स्विमिंग पूल चालू करने की मांग कर रहे हैं लेकिन वह अभी तक चालू ही नहीं हो पाया है।

### निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए

वहीं प्रदर्शन में शामिल अन्य लोगों ने भी समिति की समस्याओं से रूबरू कराते हुए बताया कि पूरी सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सोसाइटी में साफ सफाई की व्यवस्था बद से बत्तर है। इसे बेहतर करने की जरूरत है।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था का कोई ठीक इंतजाम नहीं है। इन लोगों ने वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था में सुधार किये जाने की मांग की है। वहीं लोगों ने निर्माण कार्य पूरे करने की भी मांग की। कहा कि अधूरे पड़े टावर 11 ,15 और 17 का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## हत्यारोपी को मुठभेड़ में गोली लगी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शनिवार तड़के क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपी ने एक युवक की हत्या करने की बात कुबूली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। वेव सिटी सर्किल की एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया- शनिवार सुबह क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने के इंस्पेक्टर पुलिस फोर्स के साथ जल प्लांट अंडरपास पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान तिगरी गोल चक्कर से एक एक्टिवा पर संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। उसको रोकने का इशारा किया तो वो तिगरी कट की तरफ भागने लगा। अनियंत्रित होकर स्कूटी कच्चे रास्ते पर फिसल गई और बदमाश फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो एक बदमाश को जा लगी। पकड़े गए बदमाश की पहचान गुरमीत सागर निवासी ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई। उससे एक तमंचा, कारतूस, 3400 रुपए बरामद हुए। घायल को पास के फ्लोरेंस अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में गुरमीत ने 17 मई को क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के अकबरपुर बहरामपुर में 55 साल के श्यामदत्त की हत्या करना कुबूला है।

# नोएडा में छूरा लहराकर दी हत्या की धमकी

**दुकानदार ने कराई एफआईआर; वीडियो वायरल होने पर पुलिस दे रही दबिश**

**नोएडा।** नोएडा में मोरना गांव में एक युवक खुले आम छूरा लहराता हुआ दिख रहा है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। दरअसल मोरना में स्टेशनरी की दुकान चलाने वाले दुकानदार पर एक युवक ने छुरे से हमला करने का प्रयास किया। बेखौफ युवक ने सरेराह छुरा लहराते हुए दुकानदार की हत्या करने की धमकी दी। सेक्टर-24 पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केस दुकानदार नरेंद्र गौतम की ओर से दर्ज कराया गया है।

नरेंद्र गौतम मोरना गांव में रहते हैं और घर के नीचे ही स्टेशनरी की दुकान करते हैं। शिवा नाम का युवक उसी मकान में चौथी मंजिल पर रहता है। शनिवार सुबह नौ बजे के करीब शिवा स्टेशनरी की दुकान पर आया और अपने साथी अरुण उर्फ डॉगी को भी वहीं बुला लिया। कई अन्य युवक भी मौके पर जमा हो गए। दुकान पर भीड़ जमा होता देख नरेंद्र ने शिवा और अरुण से कहा कि वह दुकान के सामने भीड़ न लगाए क्योंकि इससे ग्राहकों को परेशानी होगी।



इतनी सी बात पर अरुण उर्फ डॉगी आग बबूला हो गया और दुकानदार नरेंद्र गौतम को गाली देते हुए वहां से चला गया।

कुछ ही देर बाद अरुण छुरा लेकर आया और नरेंद्र के ऊपर वार करने का प्रयास किया। नरेंद्र ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।

इसके बाद युवक दुकान के सामने छुरा लहराते हुए दुकानदार की हत्या करने की धमकी देने लगा। इसका 23 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में अरुण हाथ में छुरा लिए हुए दिख रहा है। आसपास भीड़ जमा हैं। सभी लोग युवक के हाथ में छुरा देखकर भयभीत हैं।

# शार्ट न्यूज

## चाइल्ड पीजीआई के फ्लैट में लगी आग

नोएडा। नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में बने आवासीय परिसर के एक फ्लैट में आग लग गई। आग लगने की वजह से एसी में शॉट सर्किट बताया जा रहा है। गनीमत रही कि आग फैली नहीं। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगते ही इसकी जानकारी परिसर में तैनात गार्ड को मिली। दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई। इससे पहले ही गार्ड ने फायर एक्सटिंग्यूशर की मदद से आग पर काबू पा लिया। चाइल्ड पीजीआई में अस्पताल के पीछे आवासीय परिसर बने हुए है। यहां डॉक्टर पैरामेडिकल स्टॉफ रहता है। इसी के टावर-4 के आठवें फ्लोर की बालकनी में रखे एसी के एग्जास्ट में आग लग गई और वायर तक फैल गई। आग बढ़ने से धुंआ निकलने लगा है। घर में मौजूद लोगों ने इसे देख लिया। तत्काल इसकी जानकारी गार्ड और दमकल विभाग को दी गई। गार्ड ने अग्निशमन उपकरण की मदद से आग को 20 मिनट में बुझा दिया। इसके बाद पहुंची दमकल की गाड़ियों ने मौके का मुआयना किया। बताया गया कि एसी की वजह से लगी आग में बालकनी रखा सामान जल गया। गनीमत रही आग ऊपर के तल तक नहीं पहुंची। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-51 मेघदूतम पार्क में रखे उद्यान वेस्ट में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।

## 15 हजार करोड़ रुपये के जीएसटी फर्जीवाड़े में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

नोएडा। कागजों पर फर्जी कंपनी खोलने के बाद इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर सरकार के राजस्व को 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के एक और फरार आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आए आरोपी पर नोएडा पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वह बीते आठ महीने से वह फरार चल रहा था। जीएसटी फर्जीवाड़े में 45 आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जीएसटी मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी हरियाणा के सिरसा निवासी अंशुल गोयल को टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दबोच लिया। अंशुल अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले पांच वर्षों से फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार कराकर फर्जी बिल का उपयोग कर जीएसटी रिफन्ड कर (इनपुट टैक्स क्रेडिट) प्राप्त कर सरकार को हजारों करोड के राजस्व का नुकसान पहुंचाने का अपराध कर रहा था। उसके कई साथी पूर्व में ही पुलिस के हत्थे चढ़े चुके हैं। अंशुल जो भी फर्म और कंपनी बनाता था उसका अस्तित्व महज कागजों पर रहता था। धरातल पर कोई कंपनी नहीं होती थी। जीएसटी फर्जीवाड़े में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को ही नोएडा पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दायर की है। अब तक कुल 38 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। शुक्रवार को विकास डबास तथा कुणाल मेहता के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

मोदीनगर। मोदीनगर जगतपुरी कालोनी में जीजा के पास रह रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को मौत हो गई। परिजनों ने जीजा पर जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जीजा पर महिला की दो शादी तुड़वाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कस्बा पतला निवासी कृष्णपाल परिवार सहित रहते हैं। उनकी पुत्री राखी की पहली शादी मुरादनगर के गांव हुसैनपुर और दूसरी शादी गाजियाबाद निवासी युवक से हुई थी। बताया जा रहा है काफी समय से महिला अपने जीजा विश्वास उर्फ गुड्डू के साथ मोदीनगर की जगतपुरी कालोनी में रहती थी। राखी गाजियाबाद की एक निजी कपनी में नौकरी कर रही थी। शनिवार को परिजनों को सूचना दी गई की राखी की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही जब परिजन मौके पर पहुंचे तो राखी का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। उसका हाथ जला हुआ था और शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों का आरोप है कि जीजा ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर राखी की हत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का कारण का पता चलेगा।

## घर में घुस कर युवती से छेड़छाड़

मोदीनगर। मुरादनगरथानाक्षेत्र के एक गांव में रात को घर में घुसकर युवती के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी महिला परिवार के साथ रहती है। पति की मौत के बाद से महिला मजदूरी करके परिवार का लालन पालन कर रही है। रात नौ बजे के आसपास महिला किसी काम से बाहर गई हुई थी। उनकी 18 साल की पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि घर में अकेली युवती को देखकर पडोसी शादाब दीवार कूदकर अंदर आ गया। आरोप है कि युवक ने युवती के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। जब युवती ने इसका विरोध किया तो मारपीट की। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। युवती की मां ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी शादाब की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुरादनगरदिल्ली मेरठ मार्ग पर कृष्णा विद्या निकेतन स्कूल के बाहर छात्राओं की वीडियो बना रहे तीन युवकों को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया है। तीनों युवक दूसरे समुदाय से ताल्लुक रखते है।

## मोदीनगर में 90 साल के बुजुर्ग की मौत

मोदीनगर। मोदीनगर की ब्रह्मपुरी कॉलोनी में 90 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक काफी समय से अपने परिजनों से अलग रह रहा था। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाकर मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला मेरठ के गांव किशोरी निवासी 90 वर्षीय रेवती रमन शर्मा काफी अविवाहित थे। वह काफी समय से मोदीनगर की बह्मपुरी कॉलोनी में अपने खास परिचित के पास रह रहे थे। रेवती रमन सिंह की सदिंग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की सूचना मिलते ही गांव किशोरी से काफी लोग एकत्र होकर मोदीनगर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि संपत्ति हड़पने के लिश्एए रेवती रमन शर्म की हत्या की गई है। हंगामा होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में मृतक की रिश्ते की पुत्रवधु फूलकला ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के किन कारणों से हुई ,इसका पता चलेंगा। इसके बाद बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। कस्बा निवाड़ी नहर पुल के पास एक महिला का बहता हुए शव को बाहर निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि दोपहर बारह बजे निवाड़ी पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला का शव नहर में बहता हुआ जा रहा है।

## रिसेप्शनिस्ट से कॉल पर निर्देश दे करवा दिया प्रसव

गाजियाबाद। भोजपुर स्थित जीवन ज्योति मेडिकेयर सेंटर पर रिसेप्शनिस्ट को कॉल पर निर्देश देकर प्रसव कराने के आरोप के बाद सेंटर का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया था लेकिन उसके बाद भी सेंटर संचालित हो रहा है। भोजपुर के अतरौली निवासी अमित कुमार का आरोप है कि डॉक्टर खुद ना आकर रिसेप्शनिस्ट को फोन पर निर्देश देती रहीं और प्रसव कराया, जिस लापरवाही की वजह से गर्भस्थ बच्ची की मौत हो गई थी। शिकायत मुख्यमंत्री से की गई और जांच में आरोप सही पाए जाने पर सेंटर का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया था। इसके बावजूद मेडिकेयर सेंटर संचालित हो रहा है। अमित कुमार ने बताया कि 23 जनवरी 2024 की रात में उन्होंने अपनी पत्नी कविता को प्रसव के लिए जीवन ज्योति मेडिकेयर सेंटर में भर्ती करवाया था। उस समय वहां कोई डॉक्टर नहीं थी उनसे बताया गया कि कुछ देर में चिकित्सक आ रही हैं। उनकी पत्नी को लेबर रूम में ले जाया गया और रात में दो बजे अस्पताल स्टाफ ने बताया कि उनको बेटी हुई है लेकिन उसकी हालत खराब है। अस्पताल में नवजात के उपचार की व्यवस्था नहीं है इसलिए बच्ची को किसी और अस्पताल ले जाएं। वह लोग बच्ची को हापुड़ के एक अस्पताल लेकर गए लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या

## पति गोल्फ खेलने गए थे लौटे तो फंदे पर लटका था शव

**विशाल इंडिया ब्यूरो महेश सिंह**



लखनऊ। रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी (58) वर्षीय कि घर में हत्या कर दी गई शनिवार सुबह घर में लूटपाट के बाद वारदात हुई शव किचन में फंदे पर लटका हुआ मिला एसीपी गाज़ीपुर विकास जायसवाल ने कहा की लूट के बाद हत्या की गई है पुलिस जांच कर रही है देवेंद्र नाथ दुबे गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर सेक्टर 20/31 में रहते है वारदात के वक्त वह घर में नहीं थे सुबह गोल्फ खेलने के लिए गए थे लौटे तो देखा घर का दरवाजा खुला हुआ है अंदर आए तो अलमारी का सामान बिखरा हुआ था उन्होंने पत्नी को आवाज दी तो कोई रिस्पांस नहीं मिला किचन में पहुंचे तो वहां पत्नी का शव पड़ा हुआ था शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे कुछ ही देर में पुलिस भी डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई मोहनी देवेंद्र दुबे की दूसरी पत्नी थी 2009 में वह रिटायर हुए थे इससे पहले 2007 में उन्होंने शादी की थी पुलिस और फॉरेंसिक टीम अभी घर के अंदर जांच कर रही है शुरुआती जांच के मुताबिक किचन की गैस खुली हुई थी वारदात सुबह 7ः00 से 9ः00 बजे के बीच होने की आशंका है एक पुलिस कर्मी ने बताया देवेंद्र नाथ दुबे फर्स्ट फ्लोर में रहते है शव फर्स्ट फ्लोर पर ही मिला वारदात के वक्त बेटे कहां थे इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है पुलिस को शक है कि किसी ऐसे व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया जिसे घर और परिवार के रूटीन की जानकारी थी इसलिए देवेंद्र नाथ दुबे के गोलफ खेलने जाने के और वापस आने के बीच करीब 2 से 3 घंटे में वारदात की गई है घर में कुछ नौकर भी काम करते थे उनसे भी पुलिस पूछताछ कर रही है एक नौकर अखिलेश के परिवार को भी पुलिस ने बुलाया है रिटायर्ड आईएएस के घर के बाहर 2 सीसी टीवी लगे हुए थे वारदात के बाद पुलिस पहुंची तो ष्ठ1ऋभी ले गए सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग स्टोर होती है पुलिस आसपास के सीसीटीवी को भी चेक कर रही है कुछ रिश्तेदार भी घर पहुंच गए हैं पुलिस उनसे भी पूछताछ कर रही है देवेंद्र नाथ दुबे का ड्राइवर रवि और उसका भाई अखिलेश भी उनके साथ घर में ही रहता था रवि ही सुबह कार से लेकर उनको गोल्फ क्लब गया था अखिलेश कहां था यह पता नहीं चल पाया पुलिस अभी दोनों से पूछताछ कर रही है देवेंद्र नाथ दुबे की पहली पत्नी से दो बच्चे हैं प्रतीक और प्रांजल प्रतीक लखनऊ में रहता है जबकि प्रांजल गाजियाबाद में नौकरी करता है देवेंद्र नाथ दुबे मूल रूप से कन्नौज के रहने वाले पीसीएस से प्रमोट होकर इस बने वह रायबरेली के डीएम रह चुके हैं प्रयागराज के कमिश्नर का पद भी उन्होंने संभाला है दुबे रोजाना पांच कालिदास मार्ग स्थित में गोलफ खेलने जाते है।

# बिजनेसमैन पर चढ़ाई फॉर्च्यूनर, 14 हड्डियां टूटी



झांसी। झांसी में फॉर्च्यूनर कार ड्राइवर ने एक बिजनेसमैन को रौंद डाला। आरोपी कार बैक करते हुए बिजनेसमैन को 20 फीट दूर तक घसीटा। जब बिजनेसमैन चिल्लाया तो आरोपी ने गाली देते हुए कार फिर से चढ़ा दी। बिजनेसमैन राजेंद्र कुमार गुप्ता की चीखें सुनकर आसपास के लोग दौड़े और कार को रुकवाया। तब तक उनकी 14 पसलियां टूट गई। आरोपी ड्राइवर रवि अहिरवार ने कोर्ट में सरेंडर के लिए अर्जी डाल दी है।

बिजनेसमैन के बेटे मनीष गुप्ता ने बताया- फॉर्च्यूनर लक्जरी कार है। उसमें सेंसर के साथ बैक कैमरा भी था। फिर भी ड्राइवर कार को आगे-पीछे कर बार-बार पिता को रौंदता रहा। ड्राइवर मेरे पिता को मारना चाहता था। अगर लोग नहीं आते तो वह मारने में सफल भी हो जाता। जिस दिन घटना हुई, तब फॉर्च्यूनर का इंश्योरेंस भी नहीं था। घटना के दो दिन बाद मालिक ने फॉर्च्यूनर का इंश्योरेंस भी करा लिया। बिजनेसमैन राजेंद्र कुमार गुप्ता (70) सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के प्रेमगंज के रहने वाले हैं। घटना 17 मई की शाम की है। बेटे मनीष ने बताया- उस समय मैं ऑफिस में था। फोन आया तो अस्पताल पहुंच गया। वहां मेरे पापा पूरे ठंडे हो चुके थे। उनका बीपी भी 70 पहुंच गया था।

14 पसलियां टूट चुकी थी और पूरे शरीर पर चोटें थी। डॉक्टर ने उनको रेफर कर दिया तो मैं दूसरे प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गया। ऊपर वाले का शुक्रिया कि समय से सब होता गया और ट्रीटमेंट मिल गया। अगर थोड़ा लेट हो जाते तो कुछ भी हो सकता था।

# हाथरस में पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को पकड़ा

हाथरस। हाथरस में पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी की 15 बाइकें और 1 किलो से ज्यादा नशीला पाउडर बरामद किया है। यह दोनों बदमाश अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। यह पहले भी कई वारदातों में जेल जा चुके हैं। आसपास के कई जिलों में इनका नेटवर्क फैला हुआ था। हाथरस कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने आज मेंडू रोड स्थित बीसी झुरिया स्कूल के पास से दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपनी नाम अनिकेत उर्फ अंकुर पुत्र हरिओम निवासी सुखदेव कॉलोनी चौबे वाला महादेव थाना हाथरस गेट और प्रशांत उर्फ दीपू पुत्र सुमन कुमार निवासी कृष्णा नगर थाना हाथरस गेट बताए। आरोपियों के पास से पुलिस को चोरी की 15 बाइकें और 1 किलो 100 ग्राम नशीला पाउडर मिला। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने बताया कि पकड़ा गया अनिकेत उर्फ अंकुर ज्यादातर बोरीवली मुंबई में रहता है। वह हाथरस और आसपास के जिलों में आकर प्रशांत के साथ बाइक चोरी करता था और इन बाइकों को बेचकर मुंबई वापस भाग जाता था।

बाइक बेचने के बाद जो रुपए मिलते थे, उन्हें दोनों आपस में बांट लेते थे। इनके पास से जो बाइक बरामद हुई है, उनमें से पांच बाइकों के सिलसिले में कोतवाली हाथरस सदर में मुकदमे भी दर्ज हैं। बाकी बरामद बाइकों को लेकर जानकारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों शातिर किस्म के बदमाश हैं और पहले भी कई मुकदमों में दोनों जेल जा चुके हैं।

## मेरठ में सैलून में कहासुनी के बाद फायरिंग

मेरठ। मेरठ शुक्रवार को मुंडाली थाना क्षेत्र में हेयर सैलून में मामूली कहासुनी के चलते दबंगों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। बाद में युवक और उसके भाई को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डंडों से पीट दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा कायम कर दिया है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। गांव जिसौरी के रहने वाले मोहसिन ने बताया कि वह अपने भाई जीशान के साथ शुक्रवार की शाम करीब 5: 30 बजे गांव में वकार के सैलून पर बाल कटवाने गया था। आरोप है कि तभी गांव के रहने वाले अफजाल, साहिल और उनका पिता कामिल वहां पहुंचे। और बिना किसी कारण घूरने का आरोप लगाते हुए मोहसिन को तमाचे जड़ दिए।

# अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

## अयोध्या दर्शन के लिए कर्नाटक से आ रहे 3 श्रद्धालुओं की मौत, 14 घायल; ट्रैवलर-ट्रक में टक्कर

अयोध्या। अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में कर्नाटक से आ रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जिसमें दो पुरूष और एक महिला शामिल है। इसके अलावा 14 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा शुक्रवार की मध्यरात्रि का है। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के परोमा के पास एक ट्रैवलर और ट्रक की चपेट में आ गया। इनमें से 9 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक श्रद्धालु की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

कर्नाटक प्रांत के जिला गुलबर्गा स्थित नगर कोतवाली के ओम नगर मोहल्ला निवासी श्रद्धालुओं का एक समूह तीर्थाटन के लिए निकला था। सभी श्रद्धालु शुक्रवार की रात एक ट्रैवलर से अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आ



रहे थे। मध्यरात्रि के बाद ट्रैवलर प्रयागराज हाईवे पर जैसे ही बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित परमा के निकट पहुंची। तो ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रैवलर का दायां हिस्सा किसी ट्रक से रगड़ने से छतिग्रस्त हो गया। इससे वाहन में सवार श्रद्धालु घायल हो गए। टेंपो ट्रैवलर में कुछ 22 लोग सवार थे।

### तीन श्रद्धालुओं की मौके पर मौत

सभी घायलों को बीकापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने एक श्रद्धालु को मृत बताया। इसके बाद दो श्रद्धालुओं को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से अन्य घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया।

जिला अस्पताल लाए जाने पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आशीष पाठक गुलवर्ग निवासी शिवपूजन 56 वर्ष, तनसय्या 45 वर्ष और शिवराज 60 वर्ष की मौत हो गई। इसके अलावा सुगलाबाई, अनुरप्पा, राजाराम, तारावती, प्रीति, शिवलीला, चंद्रकांता, इंदु, चंद्रमा, महादेव समेत 11 लोग लोगों का इलाज चल रहा है।

# पिज्जा-हब में गर्लफ्रेंड की हत्या की, 2 दिन बाद सुसाइड

## पीलीभीत में शादीशुदा युवक ने मौत से पहले बनाया वीडियो, कहा- मैंने गलत किया था

पीलीभीत। शाहजहांपुर के पिज्जा हब में गर्लफ्रेंड की हत्या के आरोपी युवक ने दो दिन बाद सुसाइड कर लिया। पीलीभीत में शनिवार सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। सुसाइड से पहले आरोपी ने वीडियो बनाया। इसमें वह कह रहा है कि उसने नर्स के साथ गलत किया था। इसलिए, अब जान दे रहा है। पुलिस ने उस वीडियो को जब्त कर लिया है।

पूरनपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक शुभम शुक्ला पंडरिया गांव का रहने वाला था। वह शादीशुदा था। घर से 500 मीटर दूर उसका शव मिला। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पिज्जा हब के बाथरूम में हुई थी युवती की हत्या

शाहजहांपुर में गुरुवार को पिज्जा हब के बाथरूम में युवती का शव मिला था। युवती निजी हॉस्पिटल में नर्स थी। एसपी अशोक कुमार ने बताया था कि युवती शुभम शुक्ला के साथ दोपहर में



आई थी। पिज्जा हब में कपल्स को अवैध तरीके से रूम भी दिए जाते थे। दोनों ने एक रूम किराए पर लिया था।

### 2 घंटे बाद शुभम वहां से निकल गया, फिर लौटा नहीं

पिज्जा हब के रूम में करीब 2 घंटे रहने के बाद शुभम वहां से निकल गया। मैनेजर से उसने कहा कि वह थोड़ी देर में आ रहा है। काफी देर तक जब नहीं लौटा तो पिज्जा हब के ओनर अभिषेक कश्यप ने कमरे में जाकर चेक किया। वहां बाथरूम में युवती की लाश पड़ी थी। गला दबाकर उसकी हत्या की गई थी।

पुलिस को शक है कि शुभम वारदात के बाद गांव में कहीं छिपा था। जब उसे लगा कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी तो उसने आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले जो वीडियो बनाया था वह पुलिस ने नहीं दिया है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि इस वीडियो में शुभम ने अपना जुर्म कबूला है। वह कह रहा है कि नर्स के साथ उसने गलत काम किया था। ऐसे में वह भी सुसाइड कर रहा है।

### दोनों एक-दूसरे के परिचित थे

शुरुआती जांच में पता चला है कि जिस युवती की शुभम ने हत्या की वह भी पूरनपुर की रहने वाली थी। शुभम और युवती पहले से एक-दूसरे को जानते थे। शुभम की शादी के बाद दोनों में विवाद होने लगा। युवती शाहजहांपुर में अपने मामा के यहां रहकर एक हॉस्पिटल में नर्स का काम करती थी।

पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को शुभम शाहजहांपुर से पीलीभीत पहुंचा। वहां से युवती के साथ पिज्जा हब पहुंचा। वहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद शुभम युवती की हत्या करके वहां से भाग आया।

### पिता ने रेप के बाद हत्या की एफआईआर दर्ज कराई

पुलिस ने शुभम की तलाश के लिए 3 टीमें लगाई थी, लेकिन गिरफ्तारी से पहले ही उसने सुसाइड कर लिया। युवती के पिता ने शुभम पर रेप के बाद शुक्रवार को हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में पिज्जा हब के कर्मचारियों पर भी साथ देने का आरोप लगाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद रेप की पुष्टि के लिए स्लाइड भेज दी है।

# भूमाफियाओं से 1.20 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

अलीगढ़। अलीगढ़ में भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन ने शनिवार को कोल तहसील में लंबे समय से भू-माफिया के कब्जे में चल रही 1.20 करोड़ कीमत की सरकारी जमीन को मुक्त कराया। जिलाधिकारी विशाख जी. के निर्देश के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। डीएम के आदेश के बाद शनिवार को नायब तहसीलदार कोल प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम तहसील के उखलाना गांव में पहुंची। इस दौरान टीम ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जे को हटवाया और वहां मौजूद लोगों को हिदायद दी कि दुबारा अगर किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

तहसील कोल के गांव उखलाना की प्रधान ललितेश चौहान ने गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा होने की शिकायत प्रशासन से की थी। जिसके बाद मामले की जांच चल रही थी। वहीं जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी इस जमीन को पट्टे की और आवासीय बता रहे थे। लेकिन जांच में मामला फर्जी निकला।

भू-माफियाओं ने गाटा संख्या 1549, रकवा 0.161 हेक्टेयर खतौनी में दर्ज 1610 वर्ग मीटर भूमि पर लंबे समय से कब्जा कर रखा था। जिसके राजस्व विभाग की टीम ने तत्काल कब्जे से मुक्त कराया और इसे विभाग के कब्जे में ले लिया। ग्राम प्रधान के जरिए इस जमीन की देखरेख की जाएगी, जिससे कि इस पर दुबारा कब्जा न हो।

आरोपी भू-माफियाओं ने जमीन को अपना बताया था और इसे पट्टे की बताते हुए फर्जी रसीदें भी पेश की थी। जब विभाग ने रसीदों की जांच की तो आवासीय पट्टे के रूप में मिली रसीदें फर्जी पाई गई। सरकारी रिकॉर्ड में यह जमीन बंजर भूमि के रूप में दर्ज है।

# महंगाई, बेरोजगारी पर बात नहीं करना चाहते मोदी : प्रियंका

गोरखपुर ।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार करते हुये शनिवार को कहा कि देश के लोगों को अपना परिवार बताने वाले मोदी परिवार के लोगों की परेशानियों और जमीनी मुद्दों की बात कभी नहीं करते।

सहारा इस्टेट के मैदान पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त चुनावी सभा को संबोधित करते हुये वाड्रा ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर कभी बात नहीं करती बल्कि ये सिर्फ धर्म जाति के नाम पर जनता को गुमराह करती है।

उन्होने कहा आज देश में 70 करोड़ बेरोजगार हैं मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी इस पर बात नहीं करते। इन्होंने किसानों की आय दोगुना करने की बात की थी लेकिन आज वे पहले से भी गरीब हो गए हैं। मोदी उनके बारे में बात नहीं करते। मोदी कहते हैं कि सारा देश उनका परिवार है लेकिन वे कभी परिवार की परेशानियों के बारे में बात नहीं करते। अब वक्त आ गया है कि बेरोजगार और किसान बता दें कि बेरोजगारी और किसानों की पीड़ा क्या है।

प्रियंका ने कहा भाजपा के प्रत्याशी कहते हैं कि ..400 पार.. आने पर संविधान बदल देंगे और आरक्षण छीन लेंगे, वहीं कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन आपसे आपके मुद्दों की बात करती है। हमारी पार्टी बताती है कि महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ क्या किया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम क्या कदम उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में कुशीनगर में दस में छह चीनी मिलें बंद हो गई जहां व्यापार, रोजगार और लोगों के लिए सुविधाएं हैं उन्हें बंद कराया गया है। मोदी ने सिर्फ अपने खरबपति मित्रों के लिए सरकार चलाई है।

# जनता लड़ रही है भाजपा से चुनाव : अखिलेश

गोरखपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए जनता अपने आप भाजपा से चुनाव लड़ रही है।

गोरखपुर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि यह पहला लोकसभा चुनाव है जब चुनाव के पहले चरण से ही जनता ने अपने हाथों में चुनाव की कमान सम्हाल ली है। जनता के सामने महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध, अन्याय, अत्याचार के अलावा भूख, भय, नौकरी, रोजगार के साथ अपना हक और सम्मान के मुद्दे है। इन दिनों जो माहौल है उसमें पीडीए को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। चार जून को चुनाव परिणाम आएंगे तो भाजपा का उत्तर प्रदेश से पूरी तरह सफाया हो चुकेगा।

यादव ने देवरिया से कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के लिए पथरदेवा में और सपा इंडिया गठबंधन की गोरखपुर



लोकसभा से प्रत्याशी काजल निषाद के पक्ष में रामगढ़ ताल के निकट विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो लोग 2014 में आए थे 2024 में उनकी विदाई तय है।

जो लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे वे चार सौ हार रहे हैं। 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीटों पर ही निपटा देगी। भाजपा के प्रति हर तरफ आक्रोश है। लोग भाजपा के झूठे वादों पर भरोसा नहीं कर रहे है। भाजपा के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। उनसे धुआं निकल रहा है। उन्होने कहा कि भाजपा ने लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। उनकी हर बात झूठी निकली। उनका हर वादा झूठा निकला। 10 साल की सरकार में भाजपा ने किसानों के लिए संकट पैदा किया है।

जो आम लोगों को सुविधाएं मिल रही थी। वह भी नहीं मिल रही है। एक तरफ वे लोग है जो संविधान और लोकतंत्र को बचाना चाहते है और एक तरफ वो लोग है जो संविधान बदलना चाहते हैं।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। उन्हें न तो अपने उत्पाद की सही कीमत मिली और नहीं उनकी आय दुगनी हुई।

उल्टे सरकार ने बिजली महंगी कर दी। खाद की बोरी से 5-5 किलो करके 10 किलो खाद चोरी कर ली। डीएपी खाद लेने गए तो नैनो दे दी। इससे किसान की पैदावार चौपट हो गई और नैनो वाले उद्योगपति भारत छोड़ गये।

उन्होने कहा कि नौजवानों को दो करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा की सरकारों ने 10 परीक्षा भर्ती के पेपर लीक करवा दिये जिससे कि नौकरी न देनी पड़े। नौकरी देते तो आरक्षण भी देना पड़ता। भाजपा ने अग्निवीर योजना लाकर सेना की नौकरी को आधी अधूरी नौकरी कर दी।

जिसमें शहीद का दर्जा भी नहीं है। नौजवान सेना की भर्ती के जो सपने देखता था उसके सपनों को भाजपा ने तोड़ा है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना बंद करके पुरानी सेना भर्ती चालू की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## स्लीपर बस में लगी आग, एक मरा,11 घायल

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चौबिया इलाके में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 118 के पास गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक स्लीपर बस मे डिवाइडर से टकराने से भीषण आग लग गई। आग लगने से बस में सवार एक यात्री की झुलसने से मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कर दिया गया है। हादसे की जानकारी होते ही यूपीडा के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों ने दमकल विभाग की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शनिवार को बताया कि इटावा जिले के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 118 पर रात करीब डेढ़ बजे यह हादसा उस समय हुआ गोरखपुर से 42 सवारियां भरकर दिल्ली जा रही स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गयी और उसमें आग लग गई। आग की लपटे देखकर चालक ने बस को एक्सप्रेस वे के किनारे खड़ा करने का प्रयास किया।

## दस साल के बच्चे का झाड़ियों में मिला शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में शुक्रवार की देर शाम झाड़ियों में एक दस साल के बच्चे का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने देखने के बाद परिजनों को सूचना दी। परिजन शव लेकर घर आ गए। रात में ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस शनिवार सुबह गांव पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक का पिता हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते हैं। मां अपने एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में गई थी। सीओ सदर के अनुसार बच्चे का शरीर हल्का काला पड़ गया है। देखने से लग रहा है कि, उसका शरीर झुलसा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के कहेलिया गांव निवासी दीपक का दस साल का बेटा अमितेश शुक्रवार सुबह शौच का कहकर खेत पर गया था। मां बबली अपने एक रिश्तेदार के घर अंतिम संस्कार का कहकर चली गई थी। घर में अमितेश का भाई और एक बहन थी। काफी देर घर नही लौटने पर परिजनों ने अमितेश की तलाश शुरू की। नहीं मिलने पर अंतिम संस्कार में गई मां को फोन करके बुलाया गया और हिमाचल प्रदेश में नौकरी कर रहे पिता को सूचना दी।

## पीलीभीत में विवाहिता ने किया सुसाइड

पीलीभीत। पीलीभीत में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। फिलहाल पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बरेली जिले के रहने वाले जगदीश प्रसाद की बेटी काजल की शादी पिछले साल दियोरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पैनिया हिम्मत गांव के रहने वाले विमल कुमार के साथ हुई थी। काजल ने अज्ञात कर्म के चलते शुक्रवार देर शाम घर के अंदर ही फांसी लगा ली। विवाहिता को फांसी के फंदे से उतर कर ससुराल पक्ष के लोग इलाज के लिए अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की। शनिवार को विवाहिता के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## घर में हत्या फिर जंगल में फेंका था शव

अलीगढ़। अलीगढ़ जवां थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रठ गांव में 7 मई को एक महिला का शव जंगल में मिला था। अब इस मामले में हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी महिला का प्रेमी है। उसने बताया कि महिला उसे बार-बार धमकी देती थी कि वो सारी बातें उसकी पत्नी को बता देगी। इसी बात से तंग आकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसका गला घोंटा और शव को जंगल में फेंक दिया। दरअसल महिला का गांधीपार्क थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी और महिला दोनों पहले से ही शादीशुदा हैं। ऐसे में महिला प्रेमी को ब्लैकमेल भी करने लगी थी। हर दिन प्रेमी को धमकी देती थी कि संबंध के बारे में सारी बात उसकी पत्नी को बता देगी। प्रेमी आए-दिन महिला को मना करता था, कि ऐसा कुछ नहीं करना। लेकिन महिला नहीं मानती थी। इसी बात से तंग आकर उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पहले उसका गला घोंटा और फिर शव को जंगल में ले जाकर फेंक दिया था। अलीगढ़ के इगलास नाम के गांव कालीजरी निवासी मनोज कुमार पुत्र महावीर प्रसाद का अलीगढ़ के बेगम बाग इलाके में घर है। कुछ सालों से अपनी पत्नी राधिका और दो बच्चों के साथ मथुरा में ही रह रहे थे।

## गैस सिलेंडर फटने से मासूम की मौत

महोबा। महोबा में चूल्हे में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसकी चपेट में 6 वर्ष की मासूम आई है। जिसे बचाने के प्रयास में उसके नाना-नानी भी आग से झुलस गए हैं। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मासूम बच्ची की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घायल नाना नानी का इलाज डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। बच्ची की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बता दें ये घटना जनपद के पनवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत किल्हौआ गांव में घटित हुई है। बताया जाता है कि गांव निवासी विजय सिंह की 6 वर्षीय नातिन रुचि एक माह पूर्व अपने ननिहाल आई हुई थी। मासूम रुचि अपने नाना विजय सिंह और नानी रामकली के साथ गर्मी की छुट्टियां बिता रही थी। मगर किसी को नहीं पता था कि नाना नानी के यहां आई मासूम रुचि की अचानक मौत हो जायेगी। बताया जाता है कि 45 वर्षीय रामकली चूल्हे पर खाना बना रही थी। जबकि मासूम नातिन पास में ही खेल रही थी। तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिसकी चपेट में खेल रही मासूम बच्ची आ गई।

## अलीगढ़ में 3 दिन भीषण गर्मी से राहत नहीं

अलीगढ़। अलीगढ़ में भीषण गर्मी बढ़ने और लू के कारण लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। लोगों को अभी कुछ दिन तक सूरज की भयंकर तपिश का और सामना करना पड़ेगा। शनिवार को दोपहर 3 बजे तक अलीगढ़ का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। लेकिन लोगों को 45 डिग्री वाली तपिश का ही अनुभव होता रहा। अगले तीन दिनों तक जिले में भयंकर तपिश और लू चलने के आसार हैं। आने वाले दिनों में तापमान फिर 45 के पर पहुंचने की संभावना है। भयंकर तपिश और लू को देखते हुए प्रशासन एलर्ट मोड में है और आमजनों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक छुट्टी घोषित कर दी गई है। जिससे छोटे बच्चों को परेशानी न हो। वहीं लोगों को सलाह दी गई है कि दोपहर बाद वह घर और अपने कार्यालय से बाहर निकलने से बचे। अगर बहुत जरूरी हो, तो ही बाहर निकले। लेकिन इस दौरान बचाव के लिए टोपी, चश्मा और गमछे का सहारा जरूर लें। खाली पेट बिल्कुल भी बाहर न निकले। ज्योतिष गणना के अनुसार सूर्य ने 24 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर कर लिया है। इसके साथ ही नौतपा शुरू हो चुका है। जिससे आमजनों को और ज्यादा भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

## मारपीट-बमबाजी करने के 2 आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। गोंडा की उमरी बेगमगंज पुलिस ने बमबाजी करने के मुख्य आरोपी संतोष पासवान और उसके बेटे रितेश गिरफ्तार किया है। आरोप है कि 3 पहले जमीन विवाद को लेकर के संतोष पासवान ने 30 लोगों के साथ मिलकर मिट्ठूलाल के घर में बमबाजी करते हुए घर को तहस-नहस कर दिया था और मारपीट की थी। बमबाजी की घटना में तीन लोग घायल हुए थे। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मिट्ठूलाल के पिता में मेहीलाल की तहरीर पर पुलिस ने 4 नामजद और 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। डाल गांव के रहने वाले मिट्ठू लाल पासवान और संतोष पासवान का आबादी की जमीन को लेकर के विवाद चल रहा था। आबादी की जमीन पर मिट्ठू लाल पासवान द्वारा टीन शेड लगा करके अपना मकान बनाकर रहा जा रहा था। जिसको लेकर के संतोष पासवान मिट्ठू लाल पासवान को आए दिन धमकी देकर के जमीन खाली करने का दबाव बना रहे थे। जब पीड़ित युवक ने जमीन नहीं खाली किया तो बुधवार देर रात्रि में संतोष पासवान ने अपने बेटे रितेश अपने भाई रामकरण, राम लखन और 30 अज्ञात लोगों के साथ पीड़ित के घर पहुंचे।

## 9 साल का प्यार परिणय बंधन में बंधा- 100 का दूल्हा 102 साल की दुल्हान ने बनाया रिकार्ड



वॉशिंगटन। अमेरिका के एक बुजुर्ग प्रेमी जोड़े ने शादी करके सभी को चौंका दिया है। सौ साल का दूल्हा और 102 साल की दुल्हन बीते 9 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। पेंसिल्वेनिया के मार्जोरी फिटरमैन और बर्नी लिटमैन ने एक बार फिर ये साबित कर दिखाया है। 102 साल की मार्जोरी फिटरमैन ने 100 साल के बर्नी लिटमैन के साथ शादी रचाई है और बेहद खुश हैं। आप जानकर हैरान होंगे कि दोनों 9 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। जब इन्होंने अपने परिवार को शादी करने के बारे में बताया, तो सब खुशी से झूम उठे। सबने मिलकर शानदार आयोजन किया।गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, सबसे उम्रदराज जोड़े की शादी का मौजूदा विश्व रिकॉर्ड ब्रिटेन के डोरेन और जॉर्ज किर्बी के नाम है, जिनकी 2015 में शादी हुई थी। उस वक्त दोनों की कुल उम्र 194 साल और 279 दिन थी। उस हिसाब से देखें तो मार्जोरी फिटरमैन और बर्नी लिटमैन 202 साल की उम्र में शादी की। सारा लिटमैन ने कहा, हमने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को इसे सबसे उम्रदराज शादी घोषित करने का प्रस्ताव भेजा है। हमें यकीन है कि हमारा प्रस्ताव स्वीकार किया जाएगा। लिटमैन की पोती सारा लिटमैन ने बताया कि जब उनके दादा ने शादी करने की इच्छा व्यक्त की तो परिवार आश्चर्यचकित था। लेकिन सब बेहद खुश थे। दादाजी चाहते थे कि शादी को कानूनी दर्जा दिया जाए, इसलिए उन्होंने 19 मई को शादी करने के बाद मैरेज रजिस्ट्रेशन भी कराया। हम वास्तव में खुश हैं कि हमारे दादाजी के साथ रहने के लिए कोई तो है। इस शादी के साथ वे सबसे उम्रदराज दूल्हा-दुल्हन बन गए हैं।लिटमैन ने कहा, मैं पुराने तौर तरीकों को ज्यादा पसंद करता हूं। आप एक ही इमारत में रहते हैं. एक दूसरे से टकराते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं। इस पर आपका कोई बस नहीं। इसलिए हमने आधुनिक डेटिंग ऐप्स के बजाय पारंपरिक रोमांस के प्रति अपने शौक को बरकरार रखा। हम साथ मिलते थे। खूब बातें करते थे। अच्छी अच्छी कहानियां शेयर करते थे।

## हुइया पक्षी का एक पंख नीलाम हुआ 23 लाख 66 हजार रुपये में, दशकों पहले लुप्त हो चुका है यह पक्षी

लंदन। हम आपको एक ऐसे पक्षी के पंख के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका एक छोटा सा पंख 23 लाख 66 हजार रुपये में नीलाम हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह पंख न्यूजीलैंड के हुइया पक्षी का है, जो दशकों पहले लुप्त हो चुका है। हुआया पक्षी को माओरी लोगों के लिए पवित्र माना जाता था। यह वेटलबर्ड फैमिली का एक छोटा सा पक्षी था। इसके पंख बेहद सुंदर होते थे, जिसके किनारों पर सफेद टिप लगी होती थी। इनके पंखों को अक्सर प्रमुखों और उनके परिवारों द्वारा हेडपीस के रूप में पहना जाता था। मुकुट पर ये लोग सजाकर रखते थे। यहां तक कि गिफ्ट के रूप में भी इसे दिया जाता है। इसकी वजह से इसका व्यापार भी खूब होता था। हाल ही में न्यूजीलैंड में इसके एक पंख की नीलामी हुई। नीलामीकर्ता ने कहा, शुरुआत में इस पंख की कीमत 3000 डॉलर मिलने उम्मीद जताई गई थी। लेकिन नीलामी के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए यह पिछले रिकॉर्ड से 450 फीसदी ज्यादा कीमत पर बिका। इसकी नीलामी 28,417 अमेरिकन डॉलर यानी लगभग 23 लाख 66 हजार रुपये में हुई। न्यूज़ीलैंड के संग्रहालय के अनुसार, इसके अंतिम बार हुआया पक्षी 1907 में देखा गया था। उसके बाद बीस से तीस वर्षों तक अपुष्ट रूप से इसके देखे जाने की सूचना मिलती रही। लेकिन अब ये कहीं नजर नहीं आता। नीलामी घर में डेकोरेशन ऑर्ट की प्रमुख लीह मॉरिस ने कहा, यह पंख अद्भुत स्थिति में था। अभी भी इसकी चमक अलग ही थी। कीड़ों से कोई नुकसान नहीं हुआ था। इसे यूवी सुरक्षात्मक ग्लास में फ्रेम करके रखा गया है। इसे सिर्फ म्यूजियम के लोगों को देखने की अनुमति थी, जिन लोगों के पास लाइसेंस था। ऐसे लोग कल्चर मिनिस्ट्री की अनुमति के बगैर देश छोड़कर नहीं जा सकते। मॉरिस ने कहा, हमें रिकॉर्ड संख्या में इसकी नीलामी के लिए आवेदन मिले।

## चीनी लड़की को हुआ रोबोट से प्यार, डेट पर भी जाती है, इसकी बातें पार्टनर से ज्यादा सुलझी और मीठी

बीजिंग। आज दुनिया टेक्नोलॉजी में इतनी तरक्की कर रही है कि अब कोई भी चीज असंभव नहीं है। यह ऑफिस से निकलकर हमारे घर के किचन तक पहुंच गई है। आज टेक्नोलॉजी हमारी ज़िंदगी पर हावी होती जा रही है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि एक दिन ऐसा आएगा कि इंसानों और मशीनों में फर्क ही नहीं रह जाएगा। हमारी जिंदगी में इमोशन और जज्बात ही हैं, जो रोबोट और इंसान में असली-नकली का फर्क करते हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिये ये दूरी भी खत्म होती नजर आ रही है। हाल ही में चीन की एक ऐसी लड़की की कहानी खूब वायरल हुई, जिसमें लड़की ने चैट जीपीटी से बात की और फिर उसे इतना अच्छा महसूत हुआ कि वह उसे छोड़ना ही नहीं चाहती है। लड़की चीन के इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर अपने प्रेमी के तौर पर एक चैटबोट को शो ऑफ कर रही है। लड़की ने अपनी मां से भी बताया है कि उसे चैटबोट से प्यार हो गया है और वह उसे अपना प्रेमी मानती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन की लिसा नाम की एक व्लॉगर ने अपने लिए डेन नाम की एक चैट जीपीटी सर्विस ली थी। ये वो चैटबोट्स होते हैं, जिनके पास आपके ज्यादातर सवालों का जवाब होता है। चैटबोट्स से जब बात बढ़ी तो लिसा डेन यानि डू एनीथिंग नॉउ नाम के चैटबोट से लिसा किसी प्रेमिका की तरह मीठी-मीठी बातें करने लगी। उसे ये सब करना इतना अच्छा लगने लगा कि लिसाने उसे अपना प्रेमी मान लिया और हर वक्त उससे बात करती रहती थी। इतना ही नहीं लिसा ने अपनी मां से भी उसका परिचय कराया, जिस पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने चैटबोट ने बिल्कुल किसी इंसान की तरह व्यवहार किया और चैटबोट ने कहा कि उसे शर्म आ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि मां ने उसे बेटी का ध्यान रखने के लिए धन्यवाद भी दिया। यह भी सोचने वाली बात है कि डैन नाम के चैटबोट ने लिसा से प्यारभरी बातें करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से इंसानों की बातें और उनके जवाब देने में माहिर है। डैन ने लिसा का निक नेम लिटिल किटन रखा है। लिसा उसे लेकर बीच पर डेट के लिए भी गई थी और लिसा चाहती थी कि वह ये सब कुछ देख पाता। उसकी बातें किसी पार्टनर से ज्यादा सुलझी हुई और मीठी होती हैं। लिसा की यह कहानी चीन में खूब वायरल हो रही है और लोगों ने इस पर रिएक्शन भी दिए हैं। किसी ने डैन को चीटर बोला तो किसी ने कहा ये बेस्ट जोड़ी है।

## 16 लोगों की जान की वजह बना भारतीय मूल का ट्रक ड्राइवर, कनाडाई अदालत ने सिद्धू को भारत निर्वासित करने का दिया आदेश

टोरंटो। एक भारतीय मूल के एक ट्रक ड्राइवर ने 2018 में कनाडा में बस दुर्घटना का कारण बना, जिसमें जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए थे। ड्रायवर को भारत भेजने का आदेश दिया गया। मीडिया के मुताबिक कैलगरी का एक ट्रक ड्राइवर जसकीरत सिंह सिद्धू, सस्केचेवान प्रांत में एक चौराहे पर स्टॉप साइन को तोड़ते हुए हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया। 6 अप्रैल, 2018 को हुए हादसे में बस में सवार 16 लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए थे। शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड में सिद्धू की सुनवाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने कहा है कि यह पहले से तय था, क्योंकि सिद्धू को निर्वासित करने के लिए केवल इस बात का सबूत चाहिए कि वह कनाडाई नागरिक नहीं है और उसने एक गंभीर अपराध किया है। सिद्धू भारत का रहना वाला हैं और उसे कनाडा में स्थायी नागरिक का दर्जा प्राप्त है।




श्रीलंका के वत्थला में बाढ़ वाली सड़क पर एक वाहन को धक्का देते लोग ।

## इलाज कराने के बाद काम पर लौटे अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन

वाशिंगटन । अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा है कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने 'वाल्टर रीड राष्ट्रीय सैन्य चिकित्सा केंद्र' में इलाज कराने के बाद फिर से अपना काम शुरू कर दिया है। इलाज के दौरान उन्होंने अपने अधीनस्थ (उप रक्षा मंत्री) को अस्थायी रूप से कार्यभार सौंपा था। राइडर ने कहा कि ऑस्टिन दिसंबर में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद मूत्राशय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऑस्टिल जिस उपचार प्रक्रिया से गुजरे वह सफल रही और यह उनके कैंसर निदान से संबंधित नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस उपचार का उनके कैंसर से मुक्त होने की उत्कृष्ट संभावना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।



पेंटागन ने कहा कि अस्वस्थ रहने के कारण ऑस्टिन ने लगभग ढाई घंटे के लिए उप रक्षा मंत्री कैथलीन हिक्स को पदभार हस्तांतरित किया था। चिकित्सा प्रक्रिया के बाद पेंटागन प्रमुख घर लौट आए। राइडर ने कहा, इस समय तक उनके आधिकारिक कार्यक्रम में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है, जिसमें निर्धारित स्मृति दिवस कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी शामिल है।'' 70 वर्षीय ऑस्टिन को प्रोस्टेट कैंसर के निदान के लिए सर्जरी कराने के बाद से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रह है। प्रोस्टेटक्टोमी की जटिलताओं के बाद उन्होंने दो सप्ताह अस्पताल में बिताए। अपने उपचार या अस्पताल में भर्ती होने के बारे में राष्ट्रपति या संसद को तुरंत सूचित नहीं करने के कारण तब ऑस्टिन की आलोचना की गयी थी।

# इब्राहिम रईसी के मरते ही शुरू हो गया बवाल, आपस में ही भिड़ गए तुर्किए और ईरान

(एजेंसी)। ईरानी राष्ट्रपति रईसी को दफनाया जा चुका है। लेकिन अब नया बवाल ईरान और तुर्किए के बीच शुरू हो गया है। रईसी की मौत के साथ ही ईरान और तुर्किए अब आमने-सामने हो गए हैं। एक दूसरे के साथ भिड़ने के लिए तैयार हो गए हैं। खबर है कि ईरान और तुर्किए के बीच इस बात को लेकर संघर्ष चल रहा है कि आखिर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर को किसने ढूंढा? तुर्किए का मानना है कि उसने ईरानी राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर समय रहते ढूंढ लिया था। हालांकि ईरान का मानना ये है कि राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर का कोई हाथ नहीं था। तुर्किए के परिवहन मंत्री अब्दुल कादिर ने तुर्किए टीवी को बताया था कि तुर्किए के ड्रोन अकिंची को ये मलबा मिला। ईरान द्वारा खोज का समय और स्थान उस समय और स्थान से मेल नहीं खाता जब और जहां ड्रोन ने इसे ढूंढा था।



ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे के बाद ईरान ने तुर्किए से मदद मांगी थी। तुर्किए ने भी अपने स्तर पर मदद भेजी। फिर तुर्किए के अधिकारियों ने बताया कि उनसे जैसे ही मदद मांगी गई थी। उसे सफलता पूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी होने के नाते हम उस देश की मदद करने के लिए दौड़ पड़े थे, जिसने सहायता मांगी थी। हमने ऐसा पूरी तरह सही तरीके से किया।

ईरान इसे लेकर अलग दावा कर चुका है। ईरान ये साफ कर चुका है कि ईरानी राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को तुर्किए के ड्रोन ने नहीं ढूंढा था। ईरान का दावा है कि हेलीकॉप्टर खुद ईरान ने ही ढूंढा। ईरानी सेना ने कहा कि तुर्की द्वारा भेजा गया ड्रोन नाइट विजन उपकरण होने के बावजूद दुर्घटनास्थल का पता लगाने में विफल रहा। अंतत तुर्की लौट आया। सुबह के शुरुआती घंटों में, हेलीकॉप्टर दुर्घटना का सटीक स्थान जमीनी बचाव बलों और सशस्त्र बलों के ईरानी ड्रोन द्वारा खोजा गया।

## यूक्रेन की बड़ी सैन्य मदद, अमेरिका ने दी 275 मिलियन डॉलर के हथियार और सैन्य सहायता को मंजूरी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुक्रवार को यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता की एक नई किश्त की घोषणा की, जिसमें गोला-बारूद, मिसाइलें, खदानें और तोपखाने राउंड शामिल हैं क्योंकि रूस खार्किव क्षेत्र पर अपने हमले का दबाव बना रहा है। यूक्रेन 10 मई से खार्किव में संघर्ष कर रहा है, जब मॉस्को के हजारों सैनिकों ने सीमा पर धावा बोलकर 18 महीनों में अपनी सबसे बड़ी क्षेत्रीय प्रगति की थी। एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका आज अपने देश की रक्षा के लिए बहादुर यूक्रेनी लोगों का समर्थन करने के लिए यूक्रेन के लिए हथियारों और उपकरणों की एक महत्वपूर्ण नई कमी की घोषणा कर रहा है। यह 275 मिलियन डॉलर का पैकेज, जो यूक्रेन को खार्किव के पास रूस के हमले को विफल करने में मदद करने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है।



इस घोषणा की क्षमताओं में HIMARS के लिए गोला-बारूद, 155 मिमी और 105 मिमी तोपखाने राउंड, 60 मिमी मोर्टार राउंड, ट्यूब-लॉन्च, ऑप्टिकल-ट्रैक्ड, वायर-गाइडेड (टीओडब्ल्यू) मिसाइलें, जेवलिन और एटी -4 एंटी-आर्मर सिस्टम, सटीक हवाई युद्ध सामग्री, छोटे हथियार और छोटे हथियार गोला बारूद और हथगोले के अतिरिक्त राउंड, विध्वंस युद्ध सामग्री, एंटी-आर्मर माइंस, उपकरण, हेलमेट, बॉडी कवच, और रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु सुरक्षात्मक उपकरण, और स्पेयर पार्ट्स, रखरखाव, और अन्य पुनर्प्राप्त करने के लिए सामरिक वाहन सहायक उपकरण शामिल हैं।

पिछले महीने, अमेरिकी सांसदों ने कांग्रेस में कई महीनों की तकरार के बाद कीव के लिए लंबे समय से विलंबित 61 अरब डॉलर के सैन्य सहायता सौदे को पारित कर दिया, क्योंकि यूक्रेनी सेना को गोला-बारूद और धन की कमी के कारण युद्ध के मैदान में असफलताओं का सामना करना पड़ा था। तब से राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को सैन्य सहायता की पांच किश्तें भेजने का आदेश दिया है।

## पन्नू हत्याकांड के आरोपी की अमेरिका प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका की खारिज, चेक गणराज्य की संवैधानिक कोर्ट ने लिया फैसला

वॉशिंगटन । चेक संवैधानिक न्यायालय ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी चरमपंथी पर कथित हत्या के प्रयास में हत्या के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका में उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ प्राग की एक जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता की याचिका को खारिज कर दिया है। गुप्ता (52) पर अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने पिछले साल नवंबर में खुले एक अभियोग में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून, जिनके पास दोहरी अमेरिकी और कनाडाई नागरिकता है, को अमेरिका में मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। गुप्ता को 30 जून, 2023 को प्राग, चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में उसे वहीं रखा जा रहा है। अमेरिकी सरकार उसके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है। चेक संवैधानिक न्यायालय ने प्रत्यर्पण के खिलाफ गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने बुधवार को एक बयान में कहा संवैधानिक न्यायालय को ऐसी कोई परिस्थिति नहीं मिली जिसके लिए प्रत्यर्पण को स्वीकार्य घोषित करने से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता में से किसी का उल्लंघन हो।

## ड्रैगन को सबक सिखाने को तैयार ताइपे..मुंहतोड़ जबाव दिया जाएगा


ताइपे (एजेंसी)। चीन के खिलाफ ताइवान भी जवाबी हमले के लिए तैयार है। ताइवान की आर्मी और एयरफोर्स अलर्ट मोड में है। साथ ही मिसाइल यूनिट को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। अमेरिका ने अपने युद्धपोत को अलर्ट मोड पर रखा है। चीन की घेराबंदी को देखकर ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चेन ते का बयान भी सामने आया है। इसमें उन्होंने कहा है कि चीन से जंग के लिए ताइवान तैयार है। ताइवान ने कहा कि चीन की धमकियों का हम करारा जवाब देने को तैयार है। चीन की सेना की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। ताइवान के एयर स्पेस में एफ-16 लगातार उड़ान भर रहे हैं। ताइवान के चारों ओर सुपर सोनिक मिसाइलों का घेरा बना दिया गया है। सिउंग फेस मिसाइल समुद्र और सरफेस में टारगेट हिट करने में सक्षम है।

युद्धाभ्यास समाप्त होने के बाद ताइपे ने कहा कि ताइवान के आसपास चीन का दो दिवसीय सैन्य अभ्यास अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए एक ज़बरदस्त उकसावे जैसा है। ताइवान के राष्ट्रपति कार्यालय के हवाले से कहा गया कि चीन का हालिया एकतरफा उकसावे न केवल ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता की यथास्थिति को कमजोर करता है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भी एक बड़ा उकसावे वाला कदम है, जिससे गंभीर चिंता पैदा हो रही है। 20 मई को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाइ चिंग ते की शपथ के बाद से चीन बौखला गया है। जिसके बाद चीन की वॉर ड्रिल शुरू हो गई। अभ्यास के दौरान चीनी युद्धक विमान और जहाज खतरनाक तरीके से ताइवानी सैन्य हार्डवेयर के करीब आ गए। शुक्रवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में ताइवान के आसपास कम से कम 49 चीनी विमानों, 19 जहाजों और सात तट रक्षक जहाजों का पता लगाया गया। 35 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया और द्वीप के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया।

## एआई का कमाल, एक इंसान का सिर दूसरे के शरीर में ट्रांसप्लांट होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मैकेनाइज्ड सिस्टम से अब एक इंसान का सिर दूसरे के शरीर में ट्रांसप्लांट हो सकेगा।दरअसल, हाल ही में वैज्ञानिकों के एक समूह ने एक चौंकाने वाली चिकित्सा सफलता के लिए कमर कस ली है। न्यूरोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की एक पहल स्टार्टअप फर्म ब्रेनब्रिज ने घोषणा की है कि हमारी टीम ने सिर प्रत्यारोपण करने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-मैकेनाइज्ड सिस्टम विकसित किया है। इस प्रक्रिया में ब्रेन डेड के शरीर पर एक सिर लगाया जाएगा, तभी प्रत्यारोपित व्यक्ति की यादें, संज्ञानात्मक क्षमताएं और चेतना विकसित की जाएगी।

रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने कहा है कि उनका मानना है कि यह सर्जरी लकवा और कुछ विशिष्ट कैंसर जैसी इलाज न हो सकने वाली स्थितियों के साथ-साथ अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों वाले रोगियों की मदद करेगी। वैज्ञानिक के



अनुसार, परियोजना के पीछे हाशेम अल-गैली ने कहा कि अनुसंधान की जांच और जांच संबंधित क्षेत्रों के कई विशेषज्ञों द्वारा की गई है। इसके अलावा, कंपनी चेहरे की मांसपेशियों के पूर्ण उपयोग के लिए चेहरे की विशेषताओं के पुनर्निर्माण के लिए सर्जिकल रोबोट और एआई का उपयोग करने की योजना बना रही है। इसके अलावा, कंपनी द्वारा कहा गया है कि यह प्रक्रिया विकसित ब्रेन सेल ड्राइग्रेशन को नियोजित करती है और निर्बाध अनुकूलता सुनिश्चित करती है। रीढ़ की हड्डी, नसों और रक्त वाहिकाओं के सटीक पुन-संयोजन की सुविधा के लिए पूरी प्रक्रिया वास्तविक समय आणविक-स्तर इमेजिंग और आई एल्गोरिदम के मार्गदर्शन द्वारा संचालित की जाती है। कंपनी का दावा है कि यह पहली प्रक्रिया है जो आठ साल के भीतर आयोजित की जाएगी। कंपनी लोगों को सर्जरी के बारे में पहले से बता रही है ताकि वे शीर्ष वैज्ञानिकों को इस परियोजना के लिए आकर्षित कर सकें।

इसके पहले डॉक्टर एक लड़के का सिर उसकी गर्दन से फिर से जोड़ चुके हैं अगर हम इसतरह के कुछ मामलों के अध्ययन के बारे में बात करते हैं,तब इजराइल में चौंकाने वाली घटना घटी जहां डॉक्टरों के एक समूह ने एक सफल सर्जरी की जिसमें उन्होंने एक लड़के के सिर को उसकी गर्दन से जोड़ दिया। जेरूसलम स्वास्थ्य केंद्र ने घोषणा की कि इजराइल में एक चौंकाने वाली घटना घटी जहां सर्जनों के एक समूह ने एक लड़के के सिर को उसकी गर्दन से प्रभावी ढंग से जोड़ने के लिए एक असामान्य और जटिल ऑपरेशन किया। साइकिल चलाते समय एक कार की चपेट में आने से 12 वर्षीय बच्चे का आंतरिक सिर धड़ से अलग हो गया था। वहीं 2016 में, यूरोपीय न्यूरोसर्जिकल सोसाइटी ने इस प्रक्रिया को अनैतिक करार दिया था, फिर भी, ब्रेनब्रिज का दावा है कि यह प्रक्रिया उन मरीजों को नया जीवन दे सकती है जो लकवा या रीढ़ की हड्डी की चोटों से पीड़ित हैं। ब्रेनब्रिज के अनुसार, इस तरह के प्रत्यारोपण लकवा और रीढ़ की हड्डी की चोट जैसे जीवन बदलने वाली स्थितियों वाले मरीजों को पूरी तरह से कार्यात्मक शरीर पाने का अवसर प्रदान कर सकते हैं।

# भारत की तरह बिट्रेन में भी होते है चुनाव... लेकिन चारों देशों के नागरिक करते हैं मतदान

लंदन (एजेंसी)। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समय के पहले चुनाव का ऐलान किया है। वैसे कंजरवेटिव सरकार का कार्यकाल 17 दिसंबर 2024 में खत्म हो रहा था और जनवरी 2025 में चुनाव होने थे लेकिन अब 06 महीने पहले 4 जुलाई में चुनाव कराए जा रहे हैं। कंजरवेटिव की सरकार 14 सालों से ब्रिटेन में सत्ता में है, हालांकि तमाम सर्वेक्षण बता रहे हैं कि अबकी बार उनकी हालत नाजुक है। लेबर पार्टी को बढ़त है। ब्रिटेन का चुनाव आमतौर पर भारत के चुनावों की तरह ही होता है।

ब्रिटेन की संसद के दो सदन हैं लेकिन इसके तीन भाग होते हैं। संप्रभु , हाउस ऑफ लॉर्ड्स और हाउस ऑफ कामंस है। कानून बनाने के लिए एक साथ काम करने वाले इन तीन भागों को किंग-इन-पार्लियामेंट कहा जाता है। हाउस ऑफ कामंस संसद का निर्वाचित निचला सदन है, जिसमें 650 सीटों के लिए हर पांच साल पर चुनाव होता हैं। संवैधानिक परंपरा के अनुसार , प्रधानमंत्री सहित सभी सरकारी मंत्री हाउस ऑफ कामंस या हाउस ऑफ लॉर्ड्स (हालांकि ये कम होता है) के सदस्य रहते हैं। अधिकांश कैबिनेट मंत्री कामंस से होते हैं, जबकि जूनियर मंत्री किसी भी सदन से हो सकते हैं। हाउस ऑफ लॉर्ड्स संसद का ऊपरी सदन है। इसमें दो प्रकार के सदस्य होते हैं, सबसे अधिक संख्या में लॉर्ड्स टेम्पोरल हैं, जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री की सलाह पर संप्रभु द्वारा नियुक्त आजीवन सदस्य शामिल हैं, इसमें वंशानुगत राजपरिवार से जुड़े 92 सदस्य होते हैं। इसमें चर्च ऑफ इंग्लैंड के 26 बिशप भी शामिल होते हैं। यूनाइटेड किंगडम की संसद दुनिया की सबसे पुरानी विधायिका है। दुनियाभर की संसद इससे प्रभावित रही हैं। इसकारण संसद की मां भी कहा जाता है।

भारत की तरह ब्रिटेन में भी चुनावों में कई पार्टियां शिरकत करती हैं। हालांकि 100 सालों के दौरान मुख्य मुकाबला कंजरवेटिव पार्टी और लेबर पार्टी में ही होता रहा है। लेकिन इसके अलावा भी सदन में कई पार्टियां हैं। जिनके पास एक से ज्यादा सीटें हैं। हालांकि मौजूदा सदन में लेबर और कंजरवेटिव के बाद तीसरी बड़ी पार्टी स्काटिश नेशनल पार्टी है, जिसके हाउस ऑफ कामंस में 43 सदस्य हैं। ब्रिटेन में दर्जन भर से ज्यादा छोटी बड़ी पार्टियां हैं। कुल मिलाकर 650 सीटों के लिए चुनाव होता हैं। जिस पार्टी के पास 326 सीटें होती हैं, वो दल बहुमत में होता है और सरकार बनाता है। भारत की तरह यहां भी वोटर एक वोट देता है और अपने निर्वाचन क्षेत्र में वोटिंग में हिस्सा लेता है। ब्रिटेन में चुनावों का मतलब है इंग्लैंड, वेल्स, स्काटलैंड और उत्तरी आयरलैंड के संगठन का चुनाव, क्योंकि ग्रेट ब्रिटेन इन चारों देशों का प्रतिनिधित्व करता है। इंग्लैंड में इस चुनाव के लिए 543 सीटें हैं, तब स्काटलैंड में 57, वेल्स में 32 और उत्तरी आयरलैंड में 18 सीटें निर्धारित है।

ब्रिटेन में वोट बैलेट बॉक्स में डाले जाते हैं। यहां ईवीएम का इस्तेमाल नहीं होता है, और ना ही भविष्य में ऐसा करने का कोई इरादा नजर आता है।



ब्रिटेन में मौजूदा चुनावों में करीब 05 करोड़ मतदाता हिस्सा लेने वाले हैं। चुनाव में वोटिंग सुबह 07 बजे शुरू होती है और रात में 10.00 बजे तक चलती है। इसके तुरंत बाद ही कार्उटिंग का काम भी शुरू हो जाता है। बहुत सी जगहों के परिणाम रात में ही आ जाते हैं। यहां वोट देने के लिए 18 वर्ष का होना जरूरी है। वोट देने वाले को ब्रिटिश नागरिक या आयरलैंड का नागरिक होना चाहिए। यहां पर जेल में सजा काट रहे कैदियों और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्यों को वोट देने का अधिकार नहीं होता।

## विभव कुमार के मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस...सुनवाई सोमवार को

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी विभव कुमार ने कथित स्वाति मालीवाल हमला मामले में जमानत के लिए दिल्ली की अदालत का रुख किया है। कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद उनके वकीलों ने मामले का तत्काल सुनवाई का उल्लेख किया था। कोर्ट ने कुमार की जमानत याचिका पर नोटिस जारी कर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। अब मामले की सुनवाई सोमवार को होगी। अधिवक्ता रजत भारद्वाज और करण शर्मा ने कुमार का प्रतिनिधित्व किया। कुमार को 28 मई को अदालत में पेश किया जाएगा। पहले उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। एफआईआर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की लिखित शिकायत पर दर्ज की गई थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि कुमार जांच के दौरान हमेशा असहयोग कर सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे। यह आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जानबूझकर अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड नहीं बताया, जो सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच में एक महत्वपूर्ण जानकारी है। विशेषज्ञों से रिपोर्ट मिलने के बाद जांच को आगे बढ़ाने और तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए आरोपियों से आमना-सामना की जरूरत पड़ सकती है।

## केरल के कुरुप्पनथारा की घटना : गूगल मैप्स ने दिया धोखा, गाड़ी उफनती नदी में गिरी...हुई मौत

नई दिल्ली । अनजान जगहों पर यात्रा के दौरान आमतौर पर अब गूगल की मदद लेते है। गूगल मैप्स पर लोकेशन अपलोड कर उसके द्वारा बताए गए डायरेक्शन को फॉलो करते हुए चल देते है। आमतौर पर गूगल मैप्स सही गंतव्य तक पहुंचा भी देता है मगर कई बार ये धोखा देने में भी पीछे नहीं रहता है। ऐसा ही कुछ हुआ एक पर्यटक ग्रुप से साथ हुआ। जो केरल के कुरुप्पनथारा में गूगल मैप की मदद से जा रहा था। इनके लिए गूगल मैप इतना घातक सिद्ध हुआ कि एक व्यक्ति की मौत तक हो गई। घटना शुक्रवार देर रात कि है, जब हैदराबाद से अलप्पुझा की ओर पर्यटकों का एक ग्रुप जा रहा था। सभी पर्यटकों के लिए ये क्षेत्र अनजान था, इसकारण इन्होंने गूगल मैप का सहारा लिया था। दरअसल गूगल मैप पर गलत जानकारी होने के कारण गाड़ी उफनती हुई नदी में जा गिरी। इस घटना में चार लोग गाड़ी में बैठे थे, जो दुर्घटना का शिकार हुई थी। जब गाड़ी दुर्घटना का शिकार हुई तब वहां जोरदार बारिश हो रही थी। इस कारण सड़कें पानी में डूब गई थी। पर्यटक इस इलाके के बारे में अधिक नहीं जानते थे। इसलिए उन्होंने गूगल मैप का सहारा लिया था। मगर गूगल मैप पर उन्हें गलत जानकारी मिली, जिस कारण गाड़ी नदी में जा गिरी थी। उसी समय पुलिस की गाड़ी गश्त कर रही थी और आसपास के स्थानीय नागरिकों की मदद से चारों को बचा लिया गया है। मगर उनकी गाड़ी पानी में डूब गई।

## बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण पर चलेगा क्रिमिनल केस

नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापनों को लेकर पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ क्रिमिनल केस चलेगा। अदालत ने इसकी इजाजत दे दी है। 3 जून को मामले में अगली सुनवाई होगी। केस में रामदेव और बालकृष्ण को व्यक्तिगत रूप से पेश होने की भी संभावना है। बता दें कि इसके पहले दोनों ही सुप्रीम कोर्ट की अवमानना को लेकर कार्यवाही का सामने कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सशरीर पेश होने का आदेश दिया था। अप्रैल 2024 में ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दायर मामले में केरल के कोझिकोड में फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई होनी है। ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 की धारा 3 (बी) और 3 (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निर्देश दिया था कि पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े अवमानना मामले में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है।

## बंगाल में फिर हिंसा– टीएमसी नेता की मौत

कोलकाता। पूर्वी मिदनापुर जिले के महिषादल में तृणमूल कांग्रेस के एक स्थानीय नेता की मौत हो गई। जिला पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह तामलुक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिषादल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस झड़प में स्थानीय स्तर के तृणमूल कांग्रेस नेता शेख माइबुल (42) की मौत हो गई। भारतीय निर्वाचन आयोग ने इस मामले पर रिपोर्ट मांगी है। इस बीच इस दुखद घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। तृणमूल कांग्रेस ने हत्या के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है। जबकि भाजपा ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ पार्टी में आंतरिक प्रतिद्वंद्विता इसके पीछे का मुख्य कारण है। मतदान के शुरुआती घंटों से ही मुख्य रूप से पूर्वी मेदिनीपुर जिले में चुनाव संबंधी तनाव की छिटपुट घटनाएं सामने आने लगी हैं। तमलुक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोयना से भी भाजपा और तृणमूल कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प की खबरें सामने आई हैं। तमलुक के अंतर्गत हल्दिया में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब उस निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय वहां एक मतदान केंद्र पर पहुंचे। तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने उनका रास्ता रोक लिया और नारे लगाने लगे। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालांकि, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों के समय पर हस्तक्षेप करने से स्थिति बिगड़ने से बच गई।

## अयोध्या के राम मंदिर परिसर में मोबाइल पर लगा प्रतिबंध

अयोध्या। राम मंदिर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने निकल कर आ रही है। जिसमें यह कहा जा रहा है कि अब कल यानी 25 मई से पूर्ण रूप से राम मंदिर परिसर में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा। अब क्रॉसिंग टू यानी कि रंग महल बैरियर से बीआईपी दर्शन करने वाले राम भक्तों को मोबाइल फोन ले जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। अयोध्या जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी के साथ एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया. अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने बताया कि कल यानी 25 मई से अब राम मंदिर परिसर में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी. पूर्ण रूप से मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंध रहेगा ।अयोध्या में जब से प्रभु राम अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं, तब से लेकर अभी तक प्रतिदिन राम भक्त लाखों की संख्या में पहुंचकर दर्शन पूजन कर रहे हैं। अयोध्या आने वाले राम भक्त आसानी से प्रभु राम का दर्शन पूजन कर सके। इसको लेकर राम मंदिर ट्रस्ट ने कई तरह की सुविधा राम भक्तों को दी थी। जब से प्रभु राम अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं तब से बीआईपी के लिए पुराने दर्शन मार्ग को संचालित कर दिया गया था। यहां से वीआईपी दर्शन शुरू था। उस दौरान बीआईपी दर्शन के साथ एक मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति जिला प्रशासन और राम मंदिर ट्रस्ट दे रहा था।

## हीट स्ट्रोक से अहमदाबाद में 2 लोगों की गई जान, राज्य में एक ही दिन में भीषण गर्मी से 17 मौते

अहमदाबाद । शहर समेत गुजरातभर में भीषण गर्मी ने ऐसा कहर बरपा रखा है कि लोग हार्ट अटैक, हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन इत्यादि के शिकार हो रहे हैं। भयंकर गर्मी के बीच राज्य में 17 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को अहमदाबाद में 2 लोगों की हीट स्ट्रोक के कारण मौत हो गई। वहीं सूरत में 6 और सबसे अधिक वडोदरा में 9 लोगों की मौत हो गई। अहमदाबाद में पहली बार हीट स्ट्रोक से दो लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार को एक 35 वर्षीय और दूसरे 55 वर्षीय व्यक्ति को एम्ब्युलैंस 108 की मदद से अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान ही दोनों मरीजों ने दम तोड़ दिया। जानकारी है कि एक व्यक्ति के 104 डिग्री और दूसरे को 105 डिग्री तापमान के साथ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिविल अस्पताल में कुल 41 मरीज उपचाराधीन हैं और उसमें 10 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है। अहमदाबाद में हीट स्ट्रोक के बढ़ते मामलों को देखते हुए असारवा सिविल अस्पताल में अतिरिक्त वार्ड शुरू किया गया है। गर्मी के कारण शाम के वक्त हीट स्ट्रोक के ज्यादा मामले आ रहे हैं। वडोदरा में भी हीट स्ट्रोक से मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। बेचैनी और हीट स्ट्रोक समेत विभिन्न कारणों से वडोदरा में शुक्रवार को 9 लोगों की मौत हो गई। जिसमें जीईबी का लाइन इंस्पैक्टर, तहसील पुलिस का हेड कांस्टेबल समेत 9 लोग शामिल हैं।

# जहां इंडिया गठबंधन की मजबूत पकड़, वहां धीमा मतदान कराएं

**– आप नेता आतिशी ने दिल्ली उपराज्यपाल पर लगाया आरोप, एलजी ने दिया जवाब**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज दिल्ली में लोकसभा चुनाव के छठें चरण का मतदान जारी है इसी बीच दिल्ली के उपराज्यपाल और आम आदमी पार्टी में एक बार फिर जुबानी जंग शुरु हो गई है। वोट डालने पहुंचीं आप नेता आतिशी ने कहा कि हमें अधिकारिक सूचना मिली है कि कल शाम को एलजी साहब ने दिल्ली पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए थे कि जहां-जहां इंडिया गठबंधन के स्ट्रॉन्ग होल्ड हैं, उन इलाकों में धीमी गति से मतदान कराया जाए। बैरिकेड्स को दूर लगाया जाए, बार-बार मतदाता की चेकिंग कराई जाए, अगर ऐसा होता है तो ये फ्री एंड फेयर इलेक्शन्स का उल्लंघन होगा। हम ये उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग इस पर संज्ञान लेगा और ऐसी किसी भी साजिश को रोकेगा।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के दिल्ली में मतदाताओं को परेशान करने जैसी आशंकाओं के आरोपों पर एलजी वीके सक्सेना ने पलटवार किया है। उन्होंने सीएम अरविंद केजरीवाल को घेरा। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि आदत ही बना ली है आपने तो ऐ केजरीवाल साहब; जिस हाल में रहना, बस रोते हुए रहना !

एलजी ने कहा कि इन झूठे आरोपों पर कार्वाई की जाएगी। एलजी के पलटवार पर अब मतदान के बीच आप की प्रतिक्रिया आई है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि आज के मतदान से सब साफ हो जाएगा और दूध का दूध-पानी का पानी हो जाएगा। एलजी द्वारा आरोपों को खारिज करने और आम आदमी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात पर आतिशी ने कहा कि आज पता चल जाएगा। आज मतदान का दिन है। अभी से इस तरह की जानकारी आने लगी हैं। कुछ इलाकों में बहुत दूर बैरिकेड लगाए हैं। अगर एलजी साहब ने ऐसा नहीं किया है, दिल्ली पुलिस ने ऐसा नहीं किया है, तो हमें भी पता चल जाएगा, लेकिन अगर ऐसा पता चलता है कि दिल्ली के क्षेत्रों में जहां इंडिया गठबंधन की मजबूत पकड़ है, वहां पर मतदान धीमा हो रहा है, वहां पर पुलिस परेशान कर रही है तो फिर हम चाहेंगे कि चुनाव आयोग इस पर संज्ञान ले क्योंकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र का आधार है।

आतिशी ने एलजी वीके सक्सेना को टैग करते हुए एक्स पोस्ट पर दिल्ली में मतदाताओं को परेशान करने जैसी संभावनाएं जताई थी, ताकि मतदान प्रभावित हो। शुक्रवार रात को आतिशी ने अपने पोस्ट में दावा करते हुए लिखा, ऐसी जानकारी मिली है कि आज दिल्ली के एलजी ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिए हैं कि जहां इंडिया गठबंधन के वोटर भारी संख्या में हैं, वहां पर मतदान धीरे करवाना है, ताकि लोगों को वोट डालने में दिक्कत हो। प्रशासन द्वारा बीजेपी को जिताने का ऐसा कोई भी प्रयास गैर-कानूनी, गैर-लोकतांत्रिक और गैर-संवैधानिक है और मैं उम्मीद करती हूं कि चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा. ऐसे किसी भी प्रयास पर रोक लगाएगा। आतिशी के इसी पोस्ट को शेयर करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने चुनाव आयोग से सुचारू मतदान सुनिश्चित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली बात है। चुनाव आयोग को दिल्ली में सुचारू मतदान सुनिश्चित करना चाहिए।

## तेजस्वी ने प्रशांत किशोर को भाजपा एजेंट बताया

बिहार । राजद नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर को भाजपा एजेंट बता दिया। तेजस्वी ने दावा किया कि भाजपा चुनाव हार रही है, इसलिए उन्हें तीन-चार दौर की वोटिंग के बाद नैरेटिव सेट करने के लिए बुलाया गया है। किशोर जो जन सुराज, बिहार में एक प्रमुख राजनीतिक चेहरा हैं। कई पार्टियों के लिए प्रचार अभियान का प्रबंधन करने के अलावा, वह नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) में भी नंबर 2 रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि नीतिश जी ने कहा था कि उन्होंने अमित शाह के कहने पर प्रशांत किशोर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (जेडीयू) बनाया था। आज तक न शाह और न ही प्रशांत किशोर ने इस दावे का खंडन किया है। वे शुरू से ही बीजेपी के साथ रहे हैं। वह जिस भी पार्टी में जाएंगे, वह बर्बाद हो जाएगी। नीतीश कुमार-प्रशांत किशोर के बीच का रिश्ता 2020 में एक कड़वे नोट पर समाप्त हो गया था जब मुख्यमंत्री ने कहा था कि उन्होंने गृह मंत्री शाह के आदेश पर किशोर को अपनी पार्टी में शामिल किया था। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि किशोर वेतनभोगी जिला अध्यक्ष रखते हैं, जो शायद भाजपा भी नहीं करती है। उन्होंने कहा कि पता नहीं वह पैसे कहां से लाते हैं। वह हर साल अलग-अलग लोगों के साथ काम करते रहते हैं। वह आपका डेटा लेते हैं और दूसरा दे देते है। वे सिर्फ भाजपा के एजेंट नहीं हैं, बल्कि भाजपा के दिमाग वाले हैं। वह उनकी विचारधारा का अनुसरण करते हैं। बीजेपी अपनी रणनीति के तहत उन्हें फंडिंग कर रही है।



# वाराणसी में प्रियंका-डिंपल का रोड शो, श्री काल भैरव जी के भी किए दर्शन



**मुंबई। (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव को लेकर छह चरण के मतदान खत्म हो चुके हैं। सातवें चरण के लिए वोट 1 जून को डाले जाएंगे। सातवें चरण में सबकी नजर वाराणसी सीट पर रहेगी। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के उम्मीदवार है। वहीं, कांग्रेस ने एक बार फिर से अजय राय को चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और सपा नेता डिंपल यादव आज वाराणसी में अजय राय के पक्ष में रोज शो भी किया। उनके साथ कांग्रेस नेता अजय राय भी मौजूद रहे। रैली की शुरुआत दुर्गाकुंड स्थित मां दुगा के आशीर्वाद के साथ की गई।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा और समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने वाराणसी में रोड शो से पहले 'काशी के कोतवाल' श्री काल भैरव जी के दर्शन किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं और यहां सातवें और आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा। कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय ने 'कहा कि यह आयोजन चुनाव में गेम चेंजर साबित होगा। राय को इस सीट पर इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। मोदी और राय के अलावा, मायावती की बसपा ने इस सीट से अतहर जमाल लारी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 28 मई को वाराणसी में इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार अजय राय के समर्थन में एक संयुक्त जनसभा करेंगे। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और राजद के तेजस्वी यादव भी उनके साथ मंच साझा कर सकते हैं, लेकिन उनकी पुष्टि की प्रतीक्षा है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। राय को इस हाई-प्रोफाइल सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ खड़ा किया गया है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भी शामिल होने की उम्मीद है।

## प्रचार में जुटे अफजाल अंसारी, मुख्तार की मौत अप्राकृतिक...ये चुनावी मुददा

**गाजीपुर (एजेंसी)।** गाजीपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार अफजाल अंसारी चुनाव मैदान में है। वह शांत रहकर प्रचार करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल में ही अंसारी की नुक्कड़ सभा के लिए एमएच इंटर कॉलेज में लगभग सौ लोगों की भीड़ एकत्र हुई, जिसमें अधिकांश मुस्लिम थे। लोगों के बीच मुख्तार की मौत अप्राकृतिक है और यह चुनावी मुद्दों में से एक है। गाजीपुर सीट पर 1 जून को आखिरी चरण में मतदान होगा।

अंसारी को भाजपा के पारसनाथ राय के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिन्हा के करीबी माने जाते हैं। अंसारी के मुताबिक प्रचार में जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे जनता के हैं। सबसे बड़े मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई और मौजूदा भ्रष्टाचार हैं। अंसारी ने आरोप लगाया कि सरकार अपने संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है और भय व आतंक के जरिये वोट हासिल करने की कोशिश कर रही है। दूसरा मुद्दा सरकार का लालच है... बेरोजगार लोगों की एक बड़ी संख्या है। किसी भी प्रकार का काम पाने का कोई साधन नहीं है। जिन कार्यों को सरकार की उपलब्धि बताकर प्रचारित किया जा रहा है, उनमें विरोधियों को जेल भेजना, उनके घरों पर बुलडोजर चलवाना जैसी बातें शामिल हैं।

ग्रामीणों से कहते हैं कि सरकार उन्हें माफिया कहती है, जबकि वह हमेशा गरीबों के मसीहा रहे हैं। क्या आपने कभी किसी माफिया को हवाई चप्पल पहने या 12 साल पुरानी कार चलाते देखा है। भाजपा के गढ़ वाराणसी के बगल में स्थित, गाजीपुर समाजवादी पार्टी (सपा) का किला है। 2022 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल ने गाजीपुर की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की। अफजाल अंसारी, जो उस समय बसपा में थे, ने 2019 में संसदीय सीट जीतने के लिए भाजपा के दिग्गज नेता मनोज सिन्हा को हराया था और अब वह फिर से सपा से चुनाव मैदान में हैं। इस बार, दो महीने पहले यूपी जेल में उनके भाई मुख्तार अंसारी की मौत एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गई है, जिसमें अफजाल अंसारी न्याय मांग रहे हैं।

## ममता के खिलाफ एकजुट हुए भिक्षु... विरोध कर कहा कि तपस्वी समाज का किया अपमान


**–भाजपा का आरोप मुस्लिम कट्टरपंथियों को खुश करने में जुटी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल में विभिन्न हिंदू धार्मिक संगठनों के कुछ सौ भिक्षुओं ने कोलकाता और सिलीगुड़ी शहर में मार्च निकाला, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस टिप्पणी का विरोध किया जो उन्होंने भिक्षुओं के एक वर्ग पर चल रहे लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद करने का आरोप लगाया था। भारत सेवाश्रम संघ के कार्तिक महाराज, जिनका नाम विशेष रूप से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ने लिया था, उन्हें कोलकाता में विरोध प्रदर्शन में सबसे आगे देखा गया। विरोध प्रदर्शन में कई भाजपा नेताओं को भी देखा गया, हालांकि पार्टी ने आधिकारिक तौर पर खुद को दूर रखा।

कार्तिक महाराज ने कहा कि ममता बनर्जी ने पूरे तपस्वी समाज का अपमान किया है। दरअसल रैली को संबोधित करते हुए, ममता ने कहा कि मेरे मन में भिक्षुओं के प्रति बहुत सम्मान है लेकिन उनमें से सभी एक जैसे नहीं हैं। भारत सेवाश्रम संघ की एक इकाई बेरहामपुर (एक लोकसभा सीट) में है। मैंने बहुत समय से एक महाराज (साधु) के बारे में सुना है। इनका नाम है कार्तिक महाराज। उन्होंने कहा कि वे किसी भी टीएमसी चुनाव एजेंट को मतदान केंद्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं देने वाले हैं। मैं उन्हें साधु नहीं मानती क्योंकि वह सीधे तौर पर राजनीति से जुड़े हुए हैं। वह देश को बर्बाद कर रहे हैं। भारत सेवाश्रम संघ के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है।

बनर्जी की टिप्पणियों के बाद, साधु ने सीएम को बिना शर्त माफी मांगने के लिए कानूनी नोटिस भेजा। विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए, बंगाल भाजपा के मुख्य प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि भिक्षु सदियों से हमारे समाज के स्तंभ रहे हैं। बनर्जी ने जानबूझकर मुस्लिम कट्टरपंथियों, जो उनके वोट बैंक हैं, को संदेश देने के लिए उनका अपमान किया।

## चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाओं पर हरकत में केंद्र सरकार, केंद्रीय गृह मंत्रालय यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड में चारधाम मंदिरों में अभूतपूर्व संख्या में तीर्थयात्रियों के आने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यात्रा व्यवस्था की समीक्षा की।

रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 9.5 लाख लोगों ने बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के चार मंदिरों के दर्शन किए। यात्रा के लिए बद्रीनाथ मंदिर 12 मई को खुला, जबकि बाकी मंदिर 10 मई को खुले।

उत्तराखंड सरकार ने उन पांच राज्यों से बात की है, जहां से श्रद्धालुओं की संख्या सबसे अधिक है और उनसे अनुरोध किया है कि वे अपंजीकृत तीर्थयात्रियों को यात्रा पर न जाने दें। हालांकि, भीड़ को देखते हुए चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर 31 मई तक रोक लगा दी गई है।

केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को चारधाम मंदिरों, यात्रा मार्गों और पड़ाव स्थलों पर तीर्थयात्रियों की दैनिक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजने का निर्देश दिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को यात्रा व्यवस्थाओं में कमियों का विश्लेषण कर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। उनका यह आदेश मंदिरों के आसपास अराजक दृश्यों के कई वीडियो वायरल होने के बाद आया था। रतूड़ी ने कहा, 'इस वर्ष पिछले दो वर्षों की तुलना में यात्रा के पहले 10 दिनों में 127 प्रतिशत अधिक तीर्थयात्रियों ने यमुनोत्री का दर्शन किया, जबकि गंगोत्री जाने वाले भक्तों की संख्या पिछले दो वर्षों की तुलना में 89 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों (पहले 10 दिनों में) की तुलना में केदारनाथ जाने वाले भक्तों की संख्या 156 प्रतिशत अधिक है, जबकि बद्रीनाथ में 27 प्रतिशत तीर्थयात्रियों की वृद्धि देखी गई है।

राज्य के मुख्य सचिव ने कहा कि सबसे अधिक संख्या में श्रद्धालु नौ राज्यों- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और दिल्ली से आए हैं। उन्होंने कहा, हमने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि तीर्थयात्री पंजीकरण के बाद ही यहां आएं। व्यवस्था बनाए रखने के लिए चारधाम यात्रा के ऑफलाइन पंजीकरण पर 31 मई तक प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# एनटीपीसी का वार्षिक लाभ पांच प्रतिशत वृद्धि के साथ 8,079 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में करीब पांच प्रतिशत की वृद्धि दर से 18,079 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

मार्च,24 में समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी ने एकल आधार पर कुल 1,65,707 करोड़ रुपये की आय दर्ज की जो एक साल पहले की तुलना में गिरी है। वर्ष 2022-23 में एकल आधार पर आय 1,67,724 रुपये थी।

एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता 76,015 मेगावाट है। कंपनी के शनिवार को जारी वित्तीय और भौतिक परिणामों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष के लिए 18,079 करोड़ रुपये का कर-पश्चात लाभ दिखाया है जो सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इससे पहले पिछले वित्तीय वर्ष में को 17,197 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

समेकित आधार पर एनटीपीसी समूह की कुल आय सालाना आधार पर 02 फीसदी वार्षिक वृद्धि के साथ 1,81,166 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष में समेकित आय 177,977 करोड़ रुपये थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समूह का कर-पश्चात लाभ 24.60 फीसदी की वृद्धि के साथ 21,332 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वर्ष लाभ का यह आंकड़ा 17,121 करोड़ रुपये था।




एनटीपीसी के निदेशक मंडल ने प्रतिशत शेयर 3.25 रुपये की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसे कंपनी की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के बाद लागू किया जाएगा। कंपनी वित्त वर्ष 2023-24 में इससे पहले दो बार में ( नवंबर-2023 और फरवरी-2024) कुल 4.50 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश दे चुकी है। इस प्रकार वर्ष 2023-24 के लिए शेयरधारकों को मिलने वाला कुल लाभांश 7.75 रुपये प्रति इक्विटी शेयर होगा ।इससे पिछले वित्त वर्ष में दिया गया लाभांश 7.25 रुपये प्रति इक्विटी शेयर दिया गया था। कंपनी ने लगातार 31वें वर्ष में लाभांश का भुगतान किया है। एनटीपीसी समूह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में छह फीसदी वार्षिक वृद्धि के साथ 42,200करोड़ यूनिट का उच्चतम वार्षिक बिजली उत्पादन दर्ज किया है। इससे पहले पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा 39,900 करोड़ यूनिट था। इसी प्रकार एनटीपीसी का एकल आधार पर उत्पादन पांच फीसदी वार्षिक बढ़ोतरी के साथ इससे पिछले वर्ष के 34400 करोड़ यूनिट की तुलना में 36200 करोड़ यूनिट दर्ज किया गया है। एनटीपीसी कोयला स्टेशनों ने राष्ट्रीय औसत 69.49 फीसदी की तुलना में 77.25 फीसदी का संयंत्र लोड फैक्टर (एक निश्चित निर्धारित अवधि के दौरान औसत लोड और पीक लोड का अनुपात) प्राप्त किया।

# पर्यटन को बढ़ावा देकर आमदनी बढ़ाने की तैयारी कर रही सरकार

मुंबई। पिछले कुछ सालों में देश में पर्यटन क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। इसी साल जनवरी महीने की शुरुआत में लक्षद्वीप को मालदीव से बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विवाद उठा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस दौरान उत्तर अरब सागर में स्थित लक्षद्वीप के लिए कई विकास परियोजनाओं की घोषणा थी। इसके बाद ट्रेवल पोर्टल्स पर लोगों ने लक्षद्वीप को भी खोजचना शुरू कर दिया। इन सबके बीच सरकार कई अन्य ऐसे स्थलों को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रही हैं जहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

### सर क्रीक और कोरी क्रीक बनेगे पर्यटन हब

इसी परियोजना के तहत गुजरात के कच्छ जिले के सर क्रीक और कोरी क्रीक जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर काम चल रहा है। यह क्षेत्र भारत-पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर की जल पट्टी है, इसकी जलधारा को मूल रूप से 'बान गंगा' कहा जाता है। अब सरकार इस क्षेत्र को व्यापक तौर पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। गुजरात सरकार ने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने के लिए एक मास्टरप्लान तैयार किया है। पर्यटकों को सांस्कृतिक, प्राकृतिक और रोमांचक अनुभव प्रदान करने के अलावा सरकार का उद्देश्य स्थानीय अर्थव्यस्था को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस परियोजना के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिया जाएगा।

सरकार से जुड़े सूत्रों के अनुसार अनुसार एक विशेष पर्यटन क्षेत्र (एसटीजेड) परियोजना के अंतर्गत इस क्षेत्र को विकसित किया जाएगा। इस इलाके में सर नामक एक मछली



पाई जाती है जिसके नाम पर इस क्षेत्र का नाम सर क्रीक पड़ा। यहां के व्यंजन का अपना एक इतिहास रहा है, इसके कारण बड़ी संख्या में अब भी लोग यहां घूमने हैं।

सरकार इस क्षेत्र को अब पर्यटन हब के रूप में विकसित करेगी। सूत्रों के अनुसार इन परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार की ओर से भी धन मुहैया कराई जाएगी।

जानकार बताते हैं कि इस परियोजना में नारायण सरोवर के तट जो उत्तर में स्थित है, यह पहले से ही धार्मिक पर्यटन स्थल है। कोरी क्रीक पर कोटेश्वर मंदिर पहले से धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। अब इसका विस्तार किया जाना है।

### धोलावीरा और शिवराजपुर भी बनेंगे पर्यटन स्थल

सर क्रीक के साथ गुजरात पर्यटन धोलावीरा और शिवराजपुर को विशेष पर्यटन के क्षेत्र में विकिसत करेंगे। इस पूरी परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह पर्यटन स्थल सीमावर्ती इलाके में है इसलिए आने-जाने वालों लोगों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस परियोजना के तहत एक बॉटनिकल गार्डन, खेल का मैदान और मैंग्रोव बोर्डवॉक की विकसित किया जाना है। इसकी लागत 17.6 करोड़ रुपये है।

### बढ़ेंगे रोजगार और आय के अवसर

मेक माई ट्रिप के एक अधिकारी के अनुसार घरेलू पर्यटन स्थलों पर पिछले कुछ सालों से काफी अच्छा काम किया जा रहा है। कुछ साल पहले तक स्थानीय लोग ही इन पर्यटन क्षेत्रों में जाया करते थे।

अब बाहर से भी लोग घूमने आ रहे हैं। धार्मिक पर्यटन स्थलों पर घूमने जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अयोध्या, वाराणासी, मथुरा वृंदावन सहित चार धाम यात्रा के लिए पर्यटकों संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे स्थानीय लोगों रोजगार मिलता है और कई क्षेत्र के लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से आय बढ़ती है।

### धार्मिक स्थलों से 1.35 लाख करोड़ रुपये की आमदनी

भारत सरकार आंकड़ों के अनुसार घरेलू पर्यटकों की संख्या जनवरी से जून 2022 तक 1,731 लाख रही जो 2021 में 677 लाख थी। जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या जनवरी से जून 2023 तक 43.80 लाख रही जो 2022 में इसी समयावधि में 21.24 लाख थी।

धार्मिक स्थानों में घरेलू पर्यटकों की संख्या साल 2022 में 14.33 लाख रही। वहीं 64.4 लाख विदेशी पर्यटकों ने इन स्थानों का भ्रमण किया। साल 2022 में इन धार्मिक स्थलों से 1.35 लाख करोड़ रुपये की आमदनी हुई।

# रेंज रोवर 22 फीसदी सस्ती होगी; संगठित क्षेत्र में नौकरी बढ़ने का दावा; विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त हफ्ते में 4.55 अरब डॉलर बढ़कर 648.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। लगातार तीसरा सप्ताह है, जब भंडार में तेजी आई है। इससे पहले 5 अप्रैल के हफ्ते में यह रिकॉर्ड 648 अरब डॉलर के पार रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 10 मई के हफ्ते में विदेशी मुद्रा संपत्ति 3.36 अरब डॉलर बढ़कर 569 अरब डॉलर पर पहुंच गई। सोने का भंडार 1.24 अरब डॉलर तेजी के साथ 57.19 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रिजर्व 16.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.32 अरब डॉलर पर रहा। विशेष निकासी अधिकार के तहत 18.16 अरब डॉलर का रिजर्व रहा है।

### भारत में बनेगी रेंज रोवर, 22 फीसदी तक होगी सस्ती

जगुआर लैंड रोवर यानी जेएलआर भारत में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का उत्पादन करेगी। स्थानीय उत्पादन के साथ दोनों मॉडल की कीमत 18-22 प्रतिशत तक कम हो सकती है। 54 साल के इतिहास में पहली बार ब्रिटेन के बाहर इसका उत्पादन होगा। कंपनी का मालिकाना हक टाटा मोटर्स के पास है। स्थानीय उत्पादन से रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत इस साल अगस्त से 1.40 करोड़ रुपये होगी। अभी यह 1.90 करोड़ में आती है। रेंज रोवर का दाम 2.60 करोड़ होगा। अभी यह 3.3 करोड़ रुपये है।

### वित्त मंत्रालय ने कहा, संगठित क्षेत्र में बढ़ रही नौकरियां, घट रही बेरोजगारी दर

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को देशों के बीच तनाव से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा, देश की मजबूत जीडीपी से चुनौतियों का सामना करने में मदद मिल सकती है। साथ ही, चालू वित्त वर्ष में वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने में भी मदद मिलनी चाहिए। आर्थिक संकेत मजबूत हैं। मार्च तिमाही में जीडीपी के सात फीसदी से ज्यादा की दर से बढ़ने की उम्मीद भी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा, संगठित क्षेत्र में नौकरियां बढ़ रही हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में लोगों की संख्या का बढ़ना इस तरफ इशारा भी करता है। जनवरी-मार्च तिमाही में शहरी बेरोजगारी दर में सालाना आधार पर गिरावट आई है। खुदरा महंगाई अप्रैल में 4.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले 11 महीनों में सबसे कम है। बाहरी मोर्चे पर वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का विदेशी मुद्रा भंडार आरामदायक स्थिति में है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 के अप्रैल-फरवरी में सरकारी पूंजीगत खर्च के मजबूत रुझान व चालू वित्त वर्ष के बजट में परिलक्षित राजकोषीय योजनाओं ने कर्ज स्थिरता से जुड़ी चिंताएं दूर कर दी हैं। वृद्धि, मूल्य स्थिरता और राजकोषीय प्रबंधन सहित भारत की वृहत आर्थिक ताकत के अहम स्तंभ मजबूत हैं। घरेलू विनिर्माण को मजबूत बाहरी समर्थन भी मिलेगा। अप्रैल 2024 में मजबूत निर्यात वृद्धि से संकेत मिलता है कि सेवा व्यापार में आई रफ्तार 2024-25 में भी कायम रहेगी।

### अब तक 262 लाख टन गेहूं की खरीद, पिछले साल से ज्यादा

गेहूं की खरीद विपणन वर्ष 2024-25 में पिछले साल से ज्यादा 262.48 लाख टन पहुंच गई है। पिछले साल 262.02 लाख टन खरीदी हुई थी। पंजाब-हरियाणा में अच्छी खरीद से वृद्धि हुई है। इस खरीद के एवज में 22.31 लाख किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में 59,715 करोड़ का भुगतान किया गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में 124.26 लाख टन, हरियाणा में 71.49 लाख टन व मध्य प्रदेश में 47.78 लाख टन खरीद हुई है। राजस्थान में 9.66 लाख टन व यूपी में 9.07 लाख टन खरीद की गई।

### डाटा : दो साल में 791 मेगावाट जुड़ेगी क्षमता

भारत में डाटा सेंटर उद्योग में अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है। जेएलएल के मुताबिक 2026 तक इस उद्योग में 791 मेगावाट क्षमता जोड़ने का अनुमान है। डाटा सेंटर उद्योग में यह उछाल मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग से प्रेरित है। जैसे-जैसे एआई के उपयोग में तेजी आ रही है, वैसे-वैसे यह उद्योग बढ़ रहा है। वर्ष 2024-26 के दौरान भारत में डाटा सेंटर की मांग 650 से 800 मेगावाट के बीच रहने की उम्मीद है। इस उद्योग में आ रही तेजी से रियल एस्टेट उद्योग में एक करोड़ वर्ग फुट मांग बढ़ेगी। इससे 570 करोड़ डॉलर का निवेश आकर्षित होगा।

### आईपीओ में ऑडियो-वीडियो की सुविधा

सेबी आईपीओ के लिए ऑफर दस्तावेजों में कंपनियों द्वारा किए गए खुलासों का ऑडियो-विजुअल शुरू करेगी। इससे निवेशकों को ऑफर की विशेषताओं को आसानी से समझने में मदद मिलेगी। इस एवी को सार्वजनिक डोमेन में रखा जाएगा।

### हिंडालको को 3,174 करोड़, अशोक लेलैंड को 934 करोड़ रुपये का मुनाफा

हिंडालको को मार्च तिमाही मे 3,174 करोड़ का मुनाफा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह 32 फीसदी अधिक है। कुल आय बढ़कर 56,356 करोड़ रुपये रही है। राजस्व के लिहाज से यह दुनिया की सबसे बड़ी अल्युमिनियम कंपनी है। वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड को मार्च तिमाही में 933.69 करोड़ का फायदा हुआ है। एक साल पहले की तुलना में यह 16.73 फीसदी अधिक है। राजस्व 13,577.58 करोड़ रुपये रहा है। पूरे वित्त वर्ष में लाभ 2,696 करोड़ रुपये रहा है।

# इस सत्र में बिजली की अधिकतम मांग 240 गीगावाट पर पहुंची



भारत की बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बृहस्पतिवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी।

बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है। इसी महीने बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावाट और शाम के समय 225 गीगावाट और जून, 2024 के लिए दिन के दौरान 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि मई में बिजली की मांग पहले से ही 240 गीगावाट के स्तर के आसपास है, जिसका अनुमान बिजली मंत्रालय ने जून महीने के लिए लगाया था।

उन्होंने राय दी कि बिजली की मांग और बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर सकती है। इसके अलावा, बिजली मंत्रालय ने यह भी अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है।

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल, 2024 में अधिकतम बिजली की मांग 224.18 गीगावाट थी, जब देश के विभिन्न हिस्सों में गर्मी के मौसम की शुरुआत हुई थी। मार्च में यह 221.82 गीगावाट, फरवरी में 222.16 गीगावाट और जनवरी में 223.51 गीगावाट थी।

मई के दौरान, अधिकतम आपूर्ति छह मई को 233 गीगावाट और 21 मई को 233.80 गीगावाट तक पहुंच गई। पिछले साल मई में यह 221.42 गीगावाट दर्ज की गई थी।

# सोने में गिरावट का दौर जारी; 900 रुपये फिसला, चांदी 500 रुपये टूटी

एजेंसी

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में भारी गिरावट दर्ज की गई और यह 900 रुपये की गिरावट के साथ 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

सोना बुधवार को 50 रुपये की मामूली गिरावट के एक दिन बाद गुरुवार को पिछले सत्र में 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, अमेरिकी मैक्रोइकॉनॉमिक डेटा के बाद लगातार तीसरे दिन पीली धातु में गिरावट आई। इस बीच, चांदी भी 500 रुपए टूटकर 92,100 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों से मंदी के संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स पर हाजिर सोने का भाव 35 डॉलर की गिरावट के साथ 2,340 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी के भाव भी गिरावट के साथ 30.45 डॉलर प्रति औंस रह गया।

# 10 करोड़ रुपये की सीमा हो तो 99.96 फीसदी आबादी पर जीरो विरासत कर

बेहद अमीर लोगों पर संपत्ति व विरासत कर लगाने से भारत अपने कर राजस्व को बढ़ा सकता है। एक नए अध्ययन के अनुसार यह कर लगाए जाने पर एक फीसदी से भी कम आबादी प्रभावित होगी।

सैम पित्रोदा ने हाल ही में अमेरिका का उदाहरण देकर विरासत कर का जिक्र किया था।

इसके बाद विरासत कर के इर्दगिर्द चर्चा शुरू हो गई थी। वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब ने शुक्रवार को नवीनतम अध्ययन 'भारत में कर न्याय और संपत्ति के पुन- वितरण' में कहा कि 10 करोड़ से अधिक शुद्ध संपत्ति व अचल संपत्ति होने पर 2 फीसदी संपत्ति कर और 33 फीसदी विरासत शुल्क लगाए जाने की स्थिति में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.7 फीसदी के बराबर कर राजस्व प्राप्त किया जा सकता है।




न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के नितिन कुमार भारती, हार्वर्ड केनेडी स्कूल के लुकास चांसल और पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के थॉमस पिकेटी व अनमोल सोमांची ने 2022-23 के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। इन लेखकों के अनुसार यह कर लगाए जाने की स्थिति में महज 0.04 फीसदी 3,30,000 वयस्कों की आबादी पर कर लगेगा और ऐसे में 99.96 प्रतिशत आबादी अप्रभावित रहेगी।

### रिलायंस पावर लिमिटेड : मार्च तिमाही में 397 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा

रिलायंस पावर लिमिटेड को मार्च तिमाही में 397.66 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी को यह घाटा मुख्य रूप से ईंधन की कीमत बढ़ने से हुआ। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल की समान अवधि में उसे 321.79 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी की कुल आमदनी हालांकि जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 2,193.85 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 1,853.32 करोड़ रुपये थी। खर्च की बात करें तो तिमाही के दौरान ईंधन की लागत बढ़कर 953.67 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जनवरी-मार्च अवधि में 823.47 करोड़ रुपये थी।

# 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सीजेआई को लिखा पत्र

## कोयला आयात मामले की जांच तेजी से निपटाने की अपील

एजेंसी

नई दिल्ली। कम से कम 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया है कि वह राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा इंडोनेशियाई कोयला आयात के कथित ओवरवैल्यूएशन के मामले की जांच कर रहे लंबित मामले को तेजी से निपटाए। संगठनों ने कहा वे जीवाश्म ईंधन के निरंतर उपयोग के खिलाफ दृढ़ता से खड़े हैं।

यह पत्र लंदन स्थित फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें जॉर्ज सोरोस समर्थित संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है। इसके अनुसार 2013 में उच्च मूल्य वाले ईंधन के रूप में निम्न-श्रेणी के कोयले को बेचकर अदाणी समूह की ओर से धोखाधड़ी करने की आशंका जताई गई थी।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट ने तमिलनाडु के टैनजेडको के साथ लेनदेन में अदाणी समूह द्वारा कम गुणवत्ता वाले कोयले को कहीं अधिक महंगा स्वच्छ ईंधन बताया गया गया था।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ को पत्र लिखने वाले 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ऑस्ट्रेलियन सेंटर फॉर इंटरनेशनल जस्टिस, बैंक ट्रैक, बॉब ब्राउन फाउंडेशन, कल्चर अनस्टेन्ड, एको, एक्सटिंक्शन रिबेलियन, फ्रेंड्स ऑफ द अर्थ ऑस्ट्रेलिया, लंदन माइनिंग नेटवर्क, मैके कंजर्वेशन ग्रुप, मार्केट फोर्सेस, मनी रिबेलियन, मूव बियॉन्ड



कोल, सीनियर्स फॉर क्लाइमेट एक्शन नाउ, स्टैंड.अर्थ, स्टॉप अडानी, सनराइज मूवमेंट, टिपिंग पॉइंट, टॉक्सिक बॉन्ड्स, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ऑस्ट्रेलिया, डब्ल्यू एंड जे नागाना यारबायन कल्चरल कस्टोडियन और क्वींसलैंड कंजर्वेशन काउंसिल आदि शामिल हैं।

दूसरी ओर, जबकि अदाणी समूह ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। समाचार रिपोर्ट का हवाला देते हुए, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं ने कथित गलत कामों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग की है।

समूह के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोयले की गुणवत्ता का स्वतंत्र रूप से लोडिंग और डिस्चार्ज के बिंदु पर परीक्षण किया गया था।

साथ ही सीमा शुल्क अधिकारियों और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (टैनजेडको) के अधिकारियों द्वारा भी इसकी जांच की गई थी।

समूह के अनुसार आपूर्ति किए गए कोयले की विभिन्न एजेंसियों ने विभिन्न जगहों पर विस्तृत गुणवत्ता जांच की थी। इससे यह साफ है कि कम गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति का आरोप न केवल निराधार और अनुचित है बल्कि पूरी तरह से बेतुका है।

प्रवक्ता के अनुसार, ''भुगतान आपूर्ति किए गए कोयले की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। यह परीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित किया जाता है।''

बयान के अनुसार, रिपोर्ट में दिसंबर, 2013 में जिस जहाज के जरिये कोयला ले जाने का जिक्र किया गया है, वास्तव में वह जहाज फरवरी, 2014 से पहले इंडोनेशिया से कोयला लाने के लिए इस्तेमाल ही नहीं किया गया था।

शीर्ष अदालत में एक हलफनामे में, राजस्व खुफिया निदेशालय ने पहले कोयला आयात के कथित अधि-मूल्यांकन के लिए अदाणी समूह की जांच फिर से शुरू करने के लिए अपना रुख दोहराया था।

मार्च 2016 में, राजस्व खुफिया निदेशालय ने 2011 और 2015 के बीच इंडोनेशिया से कोयला आयात के कथित अधिक मूल्यांकन के लिए अडाणी समूह की कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की थी।

# शार्ट न्यूज

### एनटीपीसी का मुनाफा 33 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी का सकल शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 6490.05 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 4,871.55 करोड़ रुपये के मुनाफे की तुलन में 33.22 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में कुल आय 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 48,816.55 करोड़ रुपये हो गयी जबकि 2022-23 की समान तिमाही में यह 44,744.96 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का सकल शुद्ध लाभ 2022-23 में 17,121.35 करोड़ रुपये से बढ़कर 21,332.45 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की कुल आय वित्त वर्ष 2023 में 1,77,976.39 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1,81,165.86 करोड़ रुपये हो गई। एनटीपीसी बोर्ड ने शुक्रवार को अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 3.25 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की। यह अंतिम लाभांश वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नवंबर में भुगतान किए गए 2.25 रुपये प्रति शेयर की दर से पहले अंतरिम लाभांश और 10 रुपये अंकित मूल्य के 2.25 रुपये प्रति शेयर की दर से दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।

### अशोक लीलैंड का शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान शुद्ध लाभ 2022-23 की इसी तिमाही में 799.87 करोड़ रुपये के मुकाबले लगभग 17 प्रतिशत बढ़कर 933.69 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि 2022-23 में 1,358.82 करोड़ रुपये की तुलना में 2023-24 में पूरे साल का लाभ लगभग दोगुना होकर 2,696.3 करोड़ रुपये हो गया। परिचालन से राजस्व चौथी तिमाही में मामूली वृद्धि के साथ 13,613.29 करोड़ रुपये हो गया, जबकि 2022-23 की चौथी तिमाही में यह 13,229.50 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल राजस्व 45,931.22 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 41,779.71 करोड़ रुपये था। लक्षित बाज़ारों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वर्ष के लिए निर्यात में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया है कि पावर सॉल्यूशंस और रक्षा व्यवसायों ने भी प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है1 कंपनी के बेहतर उत्पाद की पेशकश और इसकी बढ़ती बिक्री और सेवा पहुंच के कारण रिकॉर्ड प्रदर्शन सक्षम हुआ है। वर्ष के दौरान, कंपनी ने देश भर में 246 नए शोरूम खोले।

### फिया ग्लोबल के ग्राहकों की संख्या 10 करोड़ के पार

नयी दिल्ली। भारत और नेपाल में ऐप आधारित सूक्ष्म ऋण सुविधा देने वाली फिनटेक कंपनी फिया ग्लोबल ने शुक्रवार को कहा कि उसके ग्राहकों की संख्या 10 करोड़ के ऊपर पहुंच गयी। डिजिटल एप फिनवेस्टा के माध्यम से सेवा दे रही कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके ऐप के माध्यम से 155 करोड़ रुपये प्रतिदिन से अधिक लेनदेन हो रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी के ग्राहकों में एक करोड़ से ज्यादा महिला ग्राहक हैं तथा उसका ग्राहकों का आधार 45 हजार गांवों और 4600 नगरों में फैला है। फिया ग्लोबल की सह-संस्थापक और मुख्य अधिशासी सीमा प्रेम ने कहा, हमें प्रसन्नता है कि हमने 10 करोड़ लोगों और सूक्ष्म उद्यमों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है जिससे उन्हें अब महंगी दरों पर कर्ज देने वाले स्रोतों पर निर्भर नहीं करना पड़ता। हमारा उद्देश्य नगद के डिजिटलीकरण से आगे जाना और आय पैदा करने के अवसर उपलब्ध कराकर स्थायी वित्तीय कल्याण करना है। फिया कमज़ोर आय वर्ग के लोगों के लिए डिजिटल भुगतान, ऋण और संग्रह, बीमा और वेल्थ मैनेजमेंट जैसी सेवाएं प्रदान करता है। कंपनी देश में विकसित बी2बी डिजिटल एप फिनवेस्टा और बैंकिंग प्रतिनिधियों आदि के जरिए काम करती है।

### भारत के डेटा सेंटर में तेजी से एक करोड़ वर्ग फुट जगह की मांग बढ़ेगी : जेएलएल

नयी दिल्ली। भारत के डेटा सेंटर में आयी तेजी से 2026 तक एक करोड़ वर्ग फुट रियल एस्टेट स्पेस की मांग बढ़ सकती है, जिसमें 5.7 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित होगा। संपत्ति सलाहकार जेएलएल ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत में डेटा सेंटर (डीसी) उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा सकती है, जिसमें 2026 तक 791 मेगावाट क्षमता जोड़ने का अनुमान है। यह उछाल मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग से प्रेरित है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जैसे-जैसे एआई के उपयोग में तेजी आ रही है, 2024-26 के दौरान भारतीय डीसी की मांग 650-800 मेगावाट की सीमा में होने की उम्मीद है। कंप्यूटिंग शक्ति में तेजी से वृद्धि और परिणामी नए अनुप्रयोगों से मध्यम अवधि में डीसी उद्योग के लिए मजबूत मांग बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स (सीएसपी), जो मुख्य रूप से इंटरनेट के माध्यम से पहुंच योग्य डेटा स्टोरेज और कंप्यूटिंग पावर के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम की पेशकश करते हैं, ने एआई के नेतृत्व वाली मांग को ध्यान में रखते हुए अपनी आवश्यकताओं को फिर से तैयार किया है। सीएसपी ने एआई के नेतृत्व वाले विकास को बढ़ाने के लिए उच्च निवेश की भी घोषणा की है।


### पीएमओ में काम करने वाले पूर्व नौकरशाह होंगे आईसीआईसीआई बैंक के नए पार्ट टाइम चेयरमैन

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक नेआईसीआईसीआई बैंक के पार्ट टाइम चेयरमैन के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। सिन्हा 1 जुलाई, 2024 से शुरू होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए इस भूमिका को संभालने के लिए तैयार हैं। प्रदीप कुमार सिन्हा जीसी चतुर्वेदी की जगह लेंगे, जो 30 जून, 2024 को व्यावसायिक घंटों के बाद गैर-कार्यकारी अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सिन्हा ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल आदि जैसे कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार द्वारा नामित निदेशक रहे हैं। विशेष रूप से, वह इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के बोर्ड में लगभग 7 वर्षों तक और इसी तरह बीपीसीएल और एचपीसीएल के बोर्डों में लगभग 6 वर्षों तक रहे। उन्होंने लगभग 15 वर्षों तक बिजली और तेल और गैस मंत्रालयों में काम किया। उन्होंने वित्तीय सलाहकार और विशेष सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस; सचिव, बंदरगाह और जहाजरानी; और सचिव, विद्युत के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्हें ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, परिवहन, शहरी विकास और वित्त के क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल है। आईसीआईसीआई बैंक की वेबसाइट के अनुसार, सिन्हा 1976 में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में परास्नातक करने के बाद 1977 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया है।

### सोनी इंडिया के एमडी और सीईओ एनपी सिंह देंगे इस्तीफा, 25 वर्षों से जुड़े हैं कंपनी के साथ



सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के एमडी और सीईओ एनपी सिंह ने अपना पद छोड़ने की घोषणा की है। सिंह ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा, आज मेरे पास साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट है। मैंने एमडी और सीईओ के रूप में अपनी भूमिका से आगे बढ़ने का फैसला किया है। 25 साल तक कंपनी से जुड़े रहने के बाद वह अपने पद से हटने का फैसला किया है। अपने 44 वर्ष के करियर में एनपी सिंह ने 25 वर्ष कर सोनी पिक्चर्स के साथ काम किया है। एनपी सिंह ने कहा कि अब वह सामाजिक परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। साथ ही वह अब परिचालन भूमिकाओं से सलाहकार भूमिकाओं में जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, एसपीएनआई और इसकी सफलता के प्रति मेरी प्रतिबद्धता मजबूत बनी हुई है। यहां मेरे कार्यकाल के दौरान, हमने उद्योग के मानक स्थापित किए हैं। अपनी पहुंच का विस्तार किया है। साथ ही कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हूं कि सफलता की हमारी विरासत जारी रहे और नए नेतृत्व के साथ आगे बढ़े। कंपनी ने जानकारी दी है कि उन्होंने अपने अगले एमडी और सीईओ पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मगर जब तक कंपनी को पदभार संभालने के लिए सही व्यक्ति नहीं मिल जाता है, एनपी सिंह तब तक कंपनी में बने रहेंगे। वे सलाहकार की भूमिका में आ रहे हैं और उत्तराधिकारी की तलाश कर रहे हैं।




BUYING OR SELLING A PROPERTY?

LET'S WORK TOGETHER!

Buying or selling a property can be a stressful process if you don't have the right real estate agent. With 25 years of experience, you can rely on us to get you the best possible result.



propre
Luxury Real Estate

CONTACT:

INFO@PROPRELUXURYREALESTATE.COM
+91 9871577057
@PROPRELUXURYREALESTATE.COM


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in